
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



काउबॉय हैट लुक में नजर आए सलमान...



लाइव कॉन्सर्ट में किया सगाई का ऐलान

वर्ष : 12 | अंक : 202 | लखनऊ, 16 जुलाई, गुरुवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

### प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए

# एनएच-19, वाराणसी रिंग रोड के बीच 6 लेन एलिवेटेड कॉरिडोर से लाखों लोगों को होगा लाभ, समय बचेगा

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी



राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

केंद्र सरकार ने देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और औद्योगिक विकास को एक नई ऊंचाई देने के लिए अब तक के सबसे बड़े निवेश प्रस्तावों में से एक को हरी झंडी दे दी है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई युगांतकारी निर्णय लिए गए, जिनकी घोषणा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। देश को वैश्विक विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) हब बनाने और कनेक्टिविटी को सुगम बनाने के उद्देश्य से कैबिनेट ने कुल 2,19,353 करोड़ के कुल बजट वाले सा बड़े प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। यह विशाल पैकेज देश की आर्थिक विकास दर को तेज करने और औद्योगिक परिदृश्य को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

केंद्रीय कैबिनेट ने एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच 14,447.64 करोड़ की लागत से बनने वाले 6 लेन के ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी दी है।

### 2,19,353 करोड़ की परियोजना स्वीकृत

एनएच-19 उत्तर प्रदेश के आगरा से शुरू होकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता (डंकुनी) तक जाता है। यह लगभग 1323 किलोमीटर लंबा मार्ग है जो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर गुजरता है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 2,19,353 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।




### यातायात होगा सुगम, जाम से मुक्ति मिलेगी

**गंगा नदी के किनारे छह लेन का कॉरिडोर:** वाराणसी में भीड़ कम करने के उद्देश्य से कैबिनेट ने एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच गंगा नदी के किनारे कनेक्टिविटी के साथ एक लिंक/कनेक्टर कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी है। 46.039 किमी लंबी इस परियोजना में 6 लेन का एलिवेटेड मेन कैरिजवे, एक प्रतिष्ठित केबल-स्टे ब्रिज, एक्स्ट्राडोज्ड फुट ओवर ब्रिज-कम-मेजर ब्रिज, लूप, रैंप, लिंक रोड और सर्विस रोड शामिल हैं। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएम) के तहत कुल 14,447.64 करोड़ की पूंजी लागत पर अमल में लाई जाएगी।

### वरुणा के किनारे कॉरिडोर

वाराणसी में यातायात जाम कम करने के लिए, वरुणा नदी के किनारे एनएत -31 और वाराणसी रिंग रोड को जोड़ने वाले 43.218 किमी लंबे लिंक/कनेक्टर कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी है। इसमें मुख्य कैरिजवे, फ्लाईओवर, लूप, रैंप और सर्विस रोड सहित 6/4 लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल है। इसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत 10,998.32 करोड़ से बनाया जाएगा।

### ओडिशा-झारखंड की 2 रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी, 145 किमी बढ़ेगा रेल नेटवर्क

बैठक में रेलवे मंत्रालय की दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इनकी कुल अनुमानित लागत 3,907 करोड़ है और इन्हें 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें पारादीप-हरिदासपुर रेल लाइन का दोहरीकरणऔर राजखरसावां-डांगोआपोसी रेलखंड पर चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। ओडिशा और झारखंड के चार जिलों में भारतीय रेलवे नेटवर्क का करीब 145 किलोमीटर विस्तार होगा। इससे रेल मार्ग की क्षमता बढ़ेगी, ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु होगा और माल एवं यात्री परिवहन में सुधार आएगा।

### नई राष्ट्रीय निवेश नीति भी बनाई

कैबिनेट ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत के लिए यूरिया-2026 की राष्ट्रीय निवेश नीति को मंजूरी दे दी। उर्वरक विभाग द्वारा प्रस्तुत इस नीति का मुख्य उद्देश्य देश में गैस-आधारित नई यूरिया निर्माण इकाइयों की स्थापना को आकर्षित करना है, ताकि घरेलू उत्पादन बढ़े और आयात पर निर्भरता कम हो।

### नीति के प्रमुख फायदे

- पारदर्शिता बढ़ेगी: निश्चित और परिवर्तनशील लागतों को अलग-अलग किया जाएगा।
- व्यावहारिक रिटर्न: इक्विटी पर रिटर्न के लिए 12% न्यूनतम और 16% अधिकतम सीमा तय।
- विदेशी मुद्रा जोखिम कम: चार साल बाद निश्चित लागत को रुपये में बदलने का प्रावधान।
- बड़ी बचत: प्रत्येक नए संयंत्र पर 250 करोड़ से अधिक की बचत होने का अनुमान।

### सेमीकॉन 2.0 मिशन को मंजूरी

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने 1.27 लाख करोड़ के बजट के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन या सेमीकॉन 2.0 मिशन के दूसरे एडिशन को मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने चिप बनाने को बढ़ावा देने के साथ-साथ, मोबाइल पीएलआई स्कीम को बढ़ाने देने की भी घोषणा की।

### 62,500 करोड़ की एमपीएमएस योजना को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मंजूरी दे दी है। 62,500 करोड़ के बजट वाली यह योजना भारत में मोबाइल फोन का उत्पादन बढ़ाने, घरेलू स्तर पर अधिक पुर्जों के निर्माण को बढ़ावा देने, सप्लाई चेन मजबूत करने और भारतीय मोबाइल ब्रांडों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह योजना 5 वर्षों के लिए लागू रहेगी।

## खबर संक्षेप

### राहुल को राहत, कोर्ट ने रद्द की निगरानी याचिका


नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह पर कथित विवादित टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में कांग्रेस सांसद



राहुल गांधी को एमपी-एमएलए कोर्ट से राहत मिली है। स्पेशल जज राकेश यादव ने भाजपा नेता विजय मिश्र की निगरानी याचिका खारिज कर दी। अदालत नेआदेश में हस्तक्षेप से इनकार किया। मानहानि की सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

### दिल्ली में एसआईआर की प्रक्रिया आगे बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली में एसआईआरप्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। चुनाव आयोग ने बताया



कि अंतिम मतदाता सूची 19 अक्टूबर को प्रकाशित होगी। अभियान के 15 दिन पूरे होने तक चुनाव आयोग घर-घर गणना फॉर्म पहुंचाने में लगभग लक्ष्य हासिल कर चुका है, लेकिन ऑनलाइन दर्ज करने की रफ्तार अब भी धीमी है।

### टीएमसी के बागी गुट में शामिल हुए मित्रा

कोलकाता। टीएमसी के विधायक मदन मित्रा पार्टी के बागी गुट में शामिल हो गए हैं। इस बागी गुट का



नेतृत्व राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बेनर्जी कर रहे हैं। इस कदम से पार्टी के अंदर जारी विवाद और गहरा हो गया है। मित्रा को पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी का करीबी माना जाता है मित्रा ने सभी समितियों से इस्तीफा दे दिया है।

### नीट यूजी फीस रिफंड की लास्ट डेट फिर बढ़ी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से नीट यूजी फीस रिफंड के लिए लास्ट डेट को एक



बार फिर से 31 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में जो छात्र किसी कारणवश भी तक अपनी फीस वापसी के लिए आवेदन नहीं कर सके वे ऑनलाइन माध्यम से बैंक डिटेल अपडेट कर सकते हैं।

## ममता का बागियों को संदेश

### अभिषेक बेनर्जी के हाथों में ही रहेगी टीएमसी की कमान

कोलकाता। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की संस्थापक और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री



ममता बेनर्जी ने साफ कर दिया है कि उनके भतीजे अभिषेक बेनर्जी ही भविष्य में पार्टी के नेता बनेंगे। उन्होंने बुधवार को वीडियो बयान जारी करके राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का खुलकर समर्थन किया। मदन मित्रा और सुदीप बंद्योपाध्याय जैसे दिग्गज नेताओं के द्वारा अभिषेक पर निशाना साधे जाने के बाद ममता का यह वीडियो बागी नेताओं को स्पष्ट संदेश दे रहा है।

#### गद्दारों की ओर से मैं जनता से माफी मांगती हूं

ममता ने पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को 'गद्दार' करार दिया। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के जिन गद्दारों ने अपने निजी हितों के लिए इस कठिन समय में पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा है, मैं उनकी ओर से बंगाल की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगती हूं। कुछ लोग केंद्रीय एजेंसियों के डर से या अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के कारण पार्टी को धोखा दे रहे हैं।

### आवाज का नमूना देने कोर्ट पहुंचे अभिषेक

सांसद अभिषेक बेनर्जी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए कथित धमकी भरे भाषण



से जुड़े मामले में बुधवार को विधाननगर एसडीजेएम (सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) अदालत में अपना आवाज का नमूना (वॉयस सैंपल) दिया। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश के बाद बेनर्जी दोपहर में अदालत पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे तक वहां मौजूद रहे।

### नोएडा के ममूरा में 5 मंजिला मकान में भीषण आग

## ईवी चार्जिंग के दौरान आग ने 2 की ले ली जान, 100 लोगों को बचाया

आग लगने से करीब 50 परिवार फंसे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

फेस-3 थाना क्षेत्र के सेक्टर-66 में ममूरा गांव के अंदर एक पांच मंजिला मकान में बुधवार को आग लगने से करीब 50 परिवार फंस गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत होने की सूचना है, जिसमें स्नेहा 26 वर्षीय महिला और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है। फेज-3 थाना इलाके के ममूरा गांव स्थित इमारत में लगी आग की चपेट में 2 लोगों की मौत हो गई। आग की शुरुआत एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में हुए धमाके से हुई थी। आग तेजी से फैल गई और आसपास खड़े



कई वाहन भी इसकी चपेट में आ गए। आग लगने के समय भवन के अंदर करीब 50 परिवार मौजूद थे। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और पुलिस का दल मौके पर पहुंचा। दमकल कर्मियों ने तत्काल बचाव अभियान चलाकर भवन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

#### योगी ने बचाव कार्य में तेजी लाने को कहा

नोएडा में आग की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। घायलों के बेहतर इलाज और प्रभावित परिवारों तक हर संभव मदद समय पर पहुंचाने के लिए प्रशासन को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। योगी ने कहा कि किसी तरह की कोई कमी नहीं होना चाहिए।



### सीजेआई को अपशब्द कहने वाले 2 लॉ स्टूडेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान हंगामा करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 कानून के छात्रों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर अदालत की कार्यवाही में बाधा डालने, अभद्र व्यवहार करने और सुरक्षाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप है। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और मामले की जांच फिलहाल जारी है।

### विशाल रथ, लाखों भक्त और एक अनूठी परंपरा

## आज से शुरू हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

ओडिशा के पुरी में हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी भव्यता के साथ निकाली जाती है। यह उत्सव हिंदू धर्म के अहम त्योहारों में शामिल है। इसे देखने के लिए देश-दुनिया से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुरी पहुंचते हैं। इसमें देवता मंदिर के बाहर आकर पुरी की गलियों से गुजरते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। इस रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों लकड़ी के बने रथों पर विराजमान होते हैं, जिन्हें हजारों की संख्या में श्रद्धालु खींचते हैं। रथ यात्रा का आयोजन गुरुवार से हो रहा है।



'दक्षिण मोड़ा' रस्म

पुरी। पुरी में बुधवार को रथ यात्रा उत्सव से पहले, लोग जगन्नाथ मंदिर के सामने तीनों रथों को सही जगह पर लाने के लिए 'दक्षिण मोड़ा' रस्म निभाते हुए।

### पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी ने कहा

## 150 लोगों के लिए 8 करोड़ को परेशान किया एसआईआर का मकसद सूची से नाम हटाना

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची से नाम हटाने पर अधिक केंद्रित है और इससे लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। अपनी नई किताब 'इंडिया एंड आइः ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट अ मेमॉयर' के विमोचन से पहले कुरैशी ने कहा कि मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में इस बात पर अधिक ध्यान



दिया जा रहा है कि कितने लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं, जैसे अधिक से अधिक नाम हटाने पर चुनाव आयोग को इनाम मिलने वाला हो। मतदाता के रूप में पंजीकरण कराना संवैधानिक अधिकार है, लेकिन ऐसी स्थिति बनाई जा रही है जैसे चुनाव आयोग लोगों को यह सुविधा इनाम के रूप में दे रहा हो।

#### पहले छोटी-मोटी गलतियों को नजरअंदाज किया

कुरैशी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का ध्यान अधिकतर नाम हटाने पर है। ऐसा लगता है कि कितने लोगों को मतदाता सूची से बाहर किया जा सकता है, यही इसका मुख्य उद्देश्य बन गया है। उन्होंने अपने कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए जाते थे कि छोटी-मोटी गलतियों को नजरअंदाज किया जाए।

### वांगचुक की भूख हड़ताल पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती

## केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस, सुनवाई आज

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। जलवायु कार्यकर्ता ांगचुक बीती 28 जुलाई से आमरण अनशन कर रहे हैं। वांगचुक द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है।दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने गुरुवार तक जवाब देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खंडपीठ सुनवाई कर रही थी।

### प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर मंतर पर प्रदर्शन



#### सैनी ने दायर की याचिका

याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील राकेश कुमार सैनी ने दाखिल की है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वांगचुक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए और उनकी जान बचाने के लिए जरूरत पड़ने पर उन्हें जबरन भोजन दिया जाए।

**वांगचुक का वजन 8.5 किलो घटा**

15 जुलाई को यह हड़ताल 18वें दिन पर पहुंच गई। सोनम का वजन 8.5 किलो घट चुका है। उनकी सेहत बिगड़ रही है, चलने-फिरने में तकलीफ हो रही है और ब्लड प्रेशर भी कम हो रहा है। डॉक्टर उनकी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

#### समर्थकों और सेलेब्स ने हड़ताल खत्म करने की अपील की

सीजेपी के अभिजीत दीपके और महुआ मोइत्रा समेत कई नेताओं, समर्थकों और आम लोगों ने सोनम वांगचुक से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि उनका उद्देश्य पूरा हो गया है और अब उनकी जान खतरे में है। वे हड़ताल तोड़ दें। उनके समर्थन में अब कई फिल्मी सितारे भी खुलकर सामने आए हैं। जीनत अमान , प्रकाश अभिनेता ओमी वैद्य ने सोनम का समर्थन किया है। वहीं नसीरुद्दीन शाह ने अनशन खत्म करने की अपील की।

# बुजुर्गों व दिव्यांगों के घर पहुंचेगा राशन

## यूपी सरकार की बड़ी पहल, खाद्यान्न वितरण तिथियों की मिलेगी एसएमएस से जानकारी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक पारदर्शी, सुविधाजनक और जनहितैषी बनाने के लिए कई नई पहल लागू कर रही है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण फैसला यह है कि ऐसे वृद्ध और दिव्यांग राशन कार्डधारक, जिनकी देखभाल करने वाला घर में कोई सदस्य नहीं है, उन्हें अब घर तक राशन उपलब्ध कराया जाएगा। लाभार्थी की ओर से नामित व्यक्ति के माध्यम से उनके घर तक राशन पहुंचाने की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है, ताकि उन्हें उचित दर की दुकान तक आने की आवश्यकता न पड़े।



सरकार ने राशन वितरण प्रक्रिया को और सुविधाजनक बनाने के लिए जुलाई 2026 से नई एसएमएस सूचना प्रणाली भी शुरू की है। अब जैसे ही उचित दर की दुकान पर खाद्यान्न पहुंचेगा, संबंधित राशन कार्डधारकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर खाद्यान्न उपलब्ध होने और वितरण तिथियों की जानकारी एसएमएस के माध्यम से भेजी जाएगी। पहले केवल राशन प्राप्त होने के बाद ही संदेश भेजा जाता था। लाभार्थियों की सुविधा के लिए प्रदेश की सभी उचित दर दुकानों पर बैठने के लिए कुर्सी या बेंच तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि विशेषकर गर्मी के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के डिपो से राशन दुकानों तक खाद्यान्न पहुंचाने वाले वाहनों की जीपीएस आधारित ट्रैकिंग की जा रही है।

इसी प्रकार धान, गेहूं और मोटे अनाज की खरीद के दौरान भी वाहनों की जीपीएस निगरानी की जा रही है, जिससे खाद्यान्न के डायवर्जन जैसी अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र गृहस्थी योजना में उपलब्ध लगभग 47 लाख रिक्त यूनिटों को पात्र परिवारों से भरने की प्रक्रिया भी चला रही है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिल सके। शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए खाद्य एवं रसद विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

शिकायतों के निस्तारण को और प्रभावी बनाने के लिए एक वृहद कॉल सेंटर स्थापित करने की भी योजना है, जिससे लाभार्थियों से सीधे फीडबैक लिया जा सके। उचित दर दुकानों के आधुनिकीकरण के तहत सरकार अन्नपूर्णा भवन (मॉडल एफपीएस) का निर्माण करा रही है। संकरी गलियों और जर्जर भवनों में संचालित दुकानों को प्राथमिकता के आधार पर आबादी के निकट सरकारी भूमि पर स्थानांतरित किया जा रहा है। अब तक 7,534 अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 4,226 भवन निमार्णाधीन हैं।

वर्ष 2026-27 में इस योजना के लिए 500 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.86 करोड़ लाभार्थी परिवारों को प्रत्येक वर्ष होली और दीपावली पर दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वहीं शादी के बाद महिलाओं को मायके के राशन कार्ड से ससुराल के राशन कार्ड में ऑनलाइन यूनिट ट्रांसफर की सुविधा भी दी गई है, जिसका अब तक 55,910 महिलाओं ने लाभ उठाया है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान, गेहूं और मोटे अनाज की खरीद प्रक्रिया को भी पूरी तरह तकनीक आधारित बनाया है। किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण, बायोमेट्रिक सत्यापन और सीधे बैंक खाते में भुगतान जैसी व्यवस्थाओं से खरीद प्रणाली अधिक पारदर्शी हुई है। साथ ही क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने, छाया, पेयजल और वाहन पार्किंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार का कहना है कि इन सभी पहलों का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाना है।

# भारत टेक्स-2026 में गूंजा उत्तर प्रदेश का टेक्सटाइल मॉडल

- निवेश, रोजगार और निर्यात को नई गति दे रही है प्रदेश की टेक्सटाइल नीति

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली/लखनऊ।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स-2026 में उत्तर प्रदेश के वस्त्र उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पारंपरिक बुनकरी की विरासत को आधुनिक औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए देश के प्रमुख टेक्सटाइल हब के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5एफ विजन (फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन) को आधार बनाकर प्रदेश सरकार निवेश, रोजगार, नवाचार और निर्यात को बढ़ावा दे रही है। टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 तथा बुनकर कल्याण योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश को वैश्विक टेक्सटाइल उद्योग में नई पहचान मिल रही है। राकेश सचान ने बताया कि प्रदेश में लगभग 1.91 लाख हथकरघा बुनकर कार्यरत हैं।

बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, भदोही के कालीन, सीतापुर की दरी तथा मेरठ और बागपत के होम टेक्सटाइल उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक वस्त्रों के साथ तकनीकी टेक्सटाइल और आधुनिक गारमेंटिंग क्षेत्र में भी तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 के तहत निवेशकों को भूमि लागत में सहायता, स्टांप शुल्क में छूट, पूंजीगत अनुदान, ब्याज अनुदान सहित विभिन्न प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। इससे प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। मंत्री ने बताया कि बुनकरों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण के लिए बिजली बिल पर सब्सिडी, संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार, भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएचटी), वाराणसी के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति के बुनकरों के लिए विशेष योजनाएं तथा मुख्यमंत्री हैंडलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना के माध्यम से आधुनिक तकनीक और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से वस्त्र उद्योग को नई गति मिलेगी। साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेलों में बुनकरों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों और उद्यमियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार स्टॉल, यात्रा, परिवहन तथा अन्य व्ययों में भी सहयोग प्रदान कर रही है। राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य पारंपरिक बुनकरी को संरक्षित करने के साथ उसे आधुनिक तकनीक, निवेश और वैश्विक बाजार से जोड़कर उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी टेक्सटाइल एवं परिधान उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

# पर्यटन के जरिए यूपी व जापान के सांस्कृतिक रिश्तों को मिलेगा नया आयाम

### जापान के यामानाशी प्रांत के 200 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के स्वागत की तैयारी में जुटा उत्तर प्रदेश

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार अगले महीने 18 से 23 अगस्त, 2026 तक जापान के यामानाशी प्रांत से आने वाले लगभग 200 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के स्वागत की व्यापक तैयारी कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं और इस यात्रा के माध्यम से उन्हें और अधिक मजबूत किया जाएगा।

यामानाशी प्रांत का एक अग्रिम (एडवांस) प्रतिनिधिमंडल तैयारियों का जायजा लेने के लिए लखनऊ पहुंचा, जहां पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के साथ बैठक में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रतिनिधिमंडल को केवल पर्यटन स्थलों का भ्रमण ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की संस्कृति, लोकजीवन, परंपराओं, खान-पान और कला का भी विशेष अनुभव कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल में जापान के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, विश्वविद्यालयों, वित्तीय संस्थानों, पर्यटन संगठनों और युवा प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत वाराणसी यात्रा का प्रमुख केंद्र होगा, जहां



प्रतिनिधिमंडल गंगा आरती, गंगा क्रूज, स्थानीय व्यंजनों और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत से परिचित होगा। इसके अलावा आगरा में ताजमहल के साथ पारंपरिक ब्रज शैली में स्वागत की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि मेहमान स्थानीय संस्कृति और आतिथ्य का अनुभव कर सकें। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और जापान के संबंध साझा सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हैं। सरकार की कोशिश केवल पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि पर्यटकों को प्रदेश की परंपराओं, संस्कृति और मेहमाननवाजी से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जब पर्यटक इन अनुभवों के साथ अपने देश लौटते हैं तो वे उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े सांस्कृतिक दूत बन जाते हैं। बैठक में उत्तर प्रदेश और जापान के बीच पर्यटन एवं सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इसमें फिल्म बंधु के सहयोग से जापानी दर्शकों के लिए उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री तैयार करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने तथा जापानी मीडिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश को वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रचारित करने जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया। यामानाशी प्रांत के अग्रिम प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों और सहयोग की सराहना की।

प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि अगस्त में होने वाला यह दौरा दोनों क्षेत्रों के बीच पर्यटन, संस्कृति और आर्थिक सहयोग को नई मजबूती प्रदान करेगा। बैठक का समापन पारंपरिक अवधी व्यंजनों के साथ हुआ, जिसमें प्रसिद्ध शाही टुकड़ा सहित कई स्थानीय व्यंजन परोसे गए। इसके माध्यम से प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ की समृद्ध खान-पान संस्कृति और यूनेस्को क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी के रूप में उसकी पहचान से भी परिचित कराया गया।

# शहीद की पत्नी के सूने घर में लाखों की चोरी, ताले तोड़कर जेवर और घरेलू सामान ले उड़े चोर

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के एकता नगर साहू कॉलोनी में चोरों ने शहीद की पत्नी के सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवर और घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी तब हुई जब पीड़िता गांव से वापस अपने घर लौटीं। घर के मुख्य गेट से लेकर कमरों तक के सभी ताले टूटे मिले और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता प्रतिभा सिंह, शहीद शैलेन्द्र सिंह तोमर की पत्नी हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 11 जुलाई को अपने गांव गई थीं। मंगलवार को वापस लौटने पर घर के सभी ताले टूटे मिले। चोर घर से दो सोने की अंगूठियां, सोने की बालियां, सोने का लॉकेट, दो जोड़ी चांदी की पायल, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, मिक्सी, प्रेस, बर्तन, मोबाइल चार्जर, जरूरी दस्तावेज सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। सूचना मिलते ही पीजीआई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पीजीआई ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# राजेन्द्र पाल गौतम ने परखीं संगठन की मजबूती

- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न कमेटियों, फ्रंटल संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों की बैठक सम्पन्न
- कांग्रेस यूपी प्रभारी ने कहा, आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस हासिल करेगी ऐतिहासिक विजय

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कांग्रेस के यूपी प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने बुधवार को पूर्व निधारित बैठकों के तहत प्रदेश मुख्यालय में सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ बैठक कर गहन विचार विमर्श किया तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर रणनीति बनाकर आगे बढ़ने की रूपरेखा तैयार की।

इसके बाद पूर्व निर्धारित बैठकों के क्रम में प्रभारी ने उप्र कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं लेखा विभाग के साथ बैठक किया। कांग्रेस वार रूम एवं कनेक्ट सेंटर के पदाधिकारियों के साथ ही फ्रंटल संगठनों के सभी प्रदेश अध्यक्षों, सभी विभागों/प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन को और अधिक चुस्त दुरूस्त करते हुए चुनावी मोड में ले जाने के लिए पूरी ताकत के साथ जुटने का आवाहन किया। इसके बाद शाम अ.भा. कांग्रेस कमेटी के सभी सचिवगणों (उप्र) के साथ बैठककर आगामी रणनीति पर विचार-



विमर्श किया।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने बताया कि बैठक के दौरान प्रभारी ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा छात्रों, युवाओं, बेरोजागारों, महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों एवं किसानों के हित के लिए लगातार सड़क से सदन तक किये जा रहे संघर्ष से आम जनता में कांग्रेस पार्टी के प्रति बढ़ रहे समर्थन ने भाजपा की विदाई तय कर दी है।

लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेसजनों को जमीन पर उतरकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। उन्होने वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न जनहित के मुद्दों पर मुखरता के साथ आवाज उठाने एवं भाजपा-आरएसएस द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान चोरी, चढ़ावा चोरी जैसे मुद्दों पर आक्रामकता के साथ प्रदेश की ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था को उजागर करते हुए योगी सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। उन्होने बैठकों में यह भी कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक विजय हासिल करेगी और भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी।

# कौशल सेतु और कौशल सारथी पोर्टल का उद्घाटन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को हुनरमंद बनाने के साथ-साथ कौशल विकास प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बना रही है। इसी क्रम में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विश्व युवा कौशल दिवस-2026 के राज्य स्तरीय समारोह में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दो महत्वपूर्ण डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डिजिटल पोर्टल कौशल सेतु का बटन दबाकर उद्घाटन किया। कौशल सेतु उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) का डिजिटल पोर्टल है, जो ट्रेनिंग पार्टनर्स के पंजीकरण और एम्पैनलमेंट की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन, पेपरलेस और पारदर्शी बनाता है। इसके माध्यम से संस्थान आवेदन, दस्तावेज अपलोड और आवश्यक जानकारियां एक ही प्लेटफॉर्म पर आसानी से जमा कर




सकते हैं। योगी सरकार की इस पहल से प्रशिक्षण प्रदाताओं को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

इसके बाद मंत्री अग्रवाल ने कौशल विकास मिशन के दूसरे डिजिटल प्लेटफॉर्म कौशल सारथी का बटन दबाकर उद्घाटन किया, जो युवाओं को उनके जिले में उपलब्ध प्रशिक्षण केंद्रों, कोर्सों और ट्रेनिंग पार्टनर्स की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है। डिजिटल मैप के माध्यम से युवा आसानी से प्रशिक्षण केंद्रों की लोकेशन, पता और संपर्क विवरण देखकर अपने लिए उपयुक्त कौशल प्रशिक्षण का चयन कर सकते हैं। इससे प्रदेश के हर जिले में चल रहे यूपीएसडीएम के ट्रेनिंग सेंटर की जानकारी युवाओं को एक क्लिक पर मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान यूपीएसडीएम ने इंडस्ट्री ट्रेनिंग पार्टनर केएलके प्राइवेट लिमिटेड और विनसम टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ एमओयू साइन किया, जिससे युवाओं को रोबोटिक्स, एआई, टेक्सटाइल जैसे भविष्य के सेक्टर में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट मिलेगा। इसके बाद मंत्री अग्रवाल ने इकोनॉमिक टाइम्स की कॉफी टेबल बुक स्कीलिंग द फ्यूचर उत्तर प्रदेश, जर्नी फार्म ट्रेनिंग टू ट्रांसफार्मेशन का भी विमोचन किया। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि योगी सरकार में कौशल विकास केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्री और रोजगार से जोड़कर युवाओं को कौशल से स्वावलंबन और स्वावलंबन से सम्मान के मंत्र के साथ आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

# इथेनॉल नीति के नाम पर अन्याय बंद करे सरकार : सुनील सिंह

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी चौधरी सुनील सिंह ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार की इथेनॉल नीति पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि इथेनॉल नीति के पीछे एक प्रभावशाली नेटवर्क काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य कुछ चुनिंदा निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाना है।



उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने समय रहते इथेनॉल नीति की समीक्षा नहीं की, तो लोकदल किसानों, पशुपालकों और करोड़ों वाहन मालिकों के साथ मिलकर पूरे देश में व्यापक जनआंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगा। लोकदल किसान के नाम पर जनता को ठगने वाली किसी भी नीति का पुरजोर विरोध करता रहेगा। हमारी स्पष्ट मांग है कि किसान की आय भी बढ़े, पशुपालक भी सुरक्षित रहे और वाहन मालिकों पर किसी प्रकार का अनावश्यक आर्थिक बोझ न डाला जाए। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि इस नीति से सत्ता में अपनी हनक बनाए कुछ प्रभावशाली लोगों और केंद्रीय मंत्री से जुड़े कारोबारी हितों को लाभ दिया जा रहा है यदि सरकार इन आरोपों को गलत मानती है, तो उसे निष्पक्ष जांच कराकर पूरे देश के सामने तथ्य रखने चाहिए। यह नीति किसानों, पशुपालकों और करोड़ों वाहन मालिकों को असमंजस और आर्थिक परेशानी में डाल रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों पर इथेनॉल की नीति को थोपा जा रहा है जबकि इथेनॉल आधारित फसलों की खेती का दबाव बढ़ाया जाएगा तो खाद्यान्न सुरक्षा प्रभावित होगी, भूजल का अत्यधिक दोहन होगा और पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ऐसी नीति देशहित में नहीं हो सकती।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और इथेनॉल नीति को किसानों के हित में बताने का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। किसान आज भी समय पर भुगतान, लाभकारी मूल्य और खेती की लगातार बढ़ती लागत से जूझ रहा है। यदि इथेनॉल नीति इतनी सफल है तो सरकार बताए कि किसानों को समय पर भुगतान क्यों नहीं मिल रहा और गन्ना किसानों को उनकी उपज का पूरा लाभ क्यों नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि मक्का का बड़ा हिस्सा इथेनॉल उद्योग में जाने से पशु चारे की कीमतें बढ़ने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

# सोते रहे परिजन, चोर समेट ले गए जेवर और नकदी

### लगातार वारदातों से ग्रामीणों में दहशत, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग


अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भुलसी गांव में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने छत के रस्ते से घर में दाखिल होकर करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात और दस हजार की नकदी की पार बुधवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भुलसी गांव निवासी शिवनन्दन के अनुसार, मंगलवार रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। देर रात चोर घर में घुस आए और कमरे में रखे सोने का हार, दो जोड़ी टप्स, नाक के बुंदे, चांदी की छह जोड़ी बिछिया, पायजेब, दो जोड़ी पायल समेत करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवर और 10 हजार रुपये नकद समेट ले गए। सुबह जागने पर घर का सामान बिखरा मिला, तब चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन चोरी गए सामान और चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। ग्राम प्रधान अजय ने बताया कि गांव में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। सोमवार रात भी तेज कुमार के घर से हजारों रुपये के जेवर और नकदी चोरी हो गई थी। वहीं नहक्के और मोहनलाल के घरों में भी चोर छत के रास्ते घुस गए थे, लेकिन आहट होने पर भाग निकले। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत है। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# धान की सिंचाई के दौरान करंट से किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के जोशिन टोला मोहल्ले में मंगलवार देर रात धान के खेत की सिंचाई के दौरान करंट लगने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, जोशिन टोला निवासी पुतानी रावत (45) मंगलवार रात पड़ोस के एक निजी ट्यूबवेल से अपने धान के खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान वह अचानक बिजली के खुले तार की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास मौजूद परिजनों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच



मृतक पुतानी फाइल – फोटो


गए। किसान की करंट से मौत से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। मृतक के परिवार पत्नी पदमा, बेटा दीपांशु, दीपक और चार बेटियां प्रीति, रीता, अनीता, निशा का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बीच सड़क पर लेटकर बनाई रील, सोशल मीडिया पर वायरल

### लाइक-फॉलोअर्स की होड़ में युवकों ने दांव पर लगाई जान, लोगों ने की कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ युवाओं को लगातार खतरनाक स्टंट करने के लिए उकसा रही है। ताजा मामला मलिहाबाद तहसील से मिजार्गंज चौकी जाने वाले मार्ग का है, जहां कुछ युवकों ने बीच सड़क पर लेटकर रील बनाई। उनकी इस हरकत से कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया और सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने पड़े। गनीमत रही कि समय रहते वाहन रुक गए और बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक बिना किसी डर के सड़क के बीच लेट गए, जबकि उनके साथी मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड




रील बनाते समय सड़क पर लेटा युवक

करते रहे। इस दौरान दोनों ओर से आ रहे वाहनों की रफ्तार थम गई और चालकों को काफी मशक्कत के बाद वाहन रोकने पड़े। राहगीरों ने युवकों की इस हरकत को गैरजिम्मेदाराना बताते हुए कड़ी नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने की होड़ में युवा अपनी ही नहीं, बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में डाल रहे हैं। यदि वाहन चालक समय पर ब्रेक न लगाते तो यह रील किसी बड़े सड़क हादसे में बदल सकती थी। लोगों ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक सड़कों पर इस तरह के खतरनाक स्टंट और रील बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके और किसी अप्रिय हादसे से बचा जा सके।

# हब एंड स्पोक मॉडल पर विकसित होंगे 16 सरदार पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश में युवाओं को कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र (रश्ढएके) परियोजना को धरातल पर उतारा जा रहा है। प्रथम चरण में प्रदेश में 16 एसवीपीईआईजेड केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिन्हें 09 हब एंड स्पोक मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। प्रमुख सचिव एमएसएमई शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि पहले चरण में एमएसएमई और यूपीसीडा पांच-पांच, यूपीईडा और यीडा दो-दो तथा ग्रेटर नोएडा और गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण एक-एक केंद्र विकसित करेंगे। इन केंद्रों में कौशल विकास, रोजगार सहायता, उद्यमिता प्रोत्साहन, प्लग एंड प्ले औद्योगिक शेड, साझा सुविधा केंद्र, डिजिटल साक्षरता, विदेशी भाषा प्रशिक्षण और आधुनिक आधारभूत सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।

# होमवर्क पूरा न करने पर शिक्षक ने छात्र को बर्बरता से पीटा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कक्षा चार के छात्र को होमवर्क पूरा न करना महंगा पड़ गया। शिक्षक ने मासूम छात्र को डंडों से बर्बरता के साथ पीटकर जख्मी कर दिया। रोते हुए घर पहुंचे छात्र के पिता ने देखा तो उसके शरीर में डंडे से पिटाई के निशान मिले। पिता ने बुधवार को मलिहाबाद थाने पर तहरीर देकर आरोपित शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उन्नाव जनपद के हसनगंज थाना क्षेत्र के शाहपुर तोंदा निवासी पिता अखिलेश चंद्र त्रिपाठी का दस वर्षीय पुत्र ओमजीत त्रिपाठी मलिहाबाद के सैय्यद बाड़ा मोहान रोड स्थित सिद्धार्थ ग्लोबल स्कूल में कक्षा चार का छात्र है। आरोप है कि बुधवार को शिक्षक हसीब ने 84 पेज का होमवर्क पूरा न होने पर उसे डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। जिससे छात्र जख्मी होने के साथ बेहोश होने की स्थिति में पहुंच गया। छुट्टी होने के बाद छात्र किसी तरह घर पहुंचा। जहां उसने अपने पिता से शिक्षक की ओर से पीटने की जानकारी दी। पिता जख्मी छात्र को लेकर दोपहर बाद मलिहाबाद थाने पहुंचा पिता ने बताया कि मैथ/गणित का होमवर्क पूरा न होने पर शिक्षक हसीब ने उनके बेटे की पिटाई की है। डंडे से पीटने से उसके शरीर पर लाल चकाते पड़ गए है। पिता ने तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।


## संक्षेप

### कुत्ते की बचाने के चक्कर में स्कूटी सवार गिरकर हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के महंदी खेड़ा गांव के निकट स्कूटी सवार युवक कुत्ते से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस की मदद से सफीपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना माखी क्षेत्र के गांव रऊ करना नया खेड़ा निवासी गोकरन (37) पुत्र नन्हके स्कूटी से सफीपुर की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। महंदी खेड़ा गांव के पास अचानक सामने आए कुत्ते से उनकी स्कूटी टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही सफीपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से घायल को सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के पास मिले आधार कार्ड के आधार पर उनकी पहचान की तथा मोबाइल नंबर के जरिए परिजनों को घटना की सूचना दी।

### रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला क्षत विक्षत अवस्था में वृद्ध का शव



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज एक बुजुर्ग का शव अचलगंज रेलवे स्टेशन मध्य ट्रैक पर पड़ा पाया गया है। अचलगंज पुलिस की सूचना पर उन्नाव जीआरपी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान प्रकाश नारायण गुप्ता पीपरखेड़ा गंगाघाट के रूप में हुई है। ट्रेन दुर्घटना की सूचना पर थाने के एसएसआई डी के यादव मौके पर पहुंचे ।उन्होंने बताया कि अचलगंज रेलवे स्टेशन के सामने ट्रैक के ऊपर दुर्घटना ग्रस्त शव पाया गया। मृतक के दोनों पैर कटे है इलाहाबाद पैसेंजर से भोर पहर दुर्घटना होने की आशंका जतायी जा रही है। सूचना पर उन्नाव जीआरपी पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। स्टेशन का पुनर्निर्माण हो रहा है वहां के श्रमिकों से पड़ताल की ,कोई यह नहीं बता सका की बृद्ध यहां कैसे पहुंचा और दुर्घटना कैसे हुई है। मृतक के जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई है ।

# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवाबगंज भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ के वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग द्वारा बुधवार को नवाबगंज विकासखंड कार्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाताधारकों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां देकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल सहजवानी ने घरेलू बजट तैयार करने, नियमित बचत की आदत विकसित करने, सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने तथा डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने और साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपाय भी विस्तार से बताए।

अग्रणी जिला प्रबंधक उन्नाव आर.के. गौतम ने कहा कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए वित्तीय साक्षरता बेहद जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय और बचत का सही प्रबंधन करना चाहिए तथा बैंकिंग सेवाओं का सुरक्षित उपयोग करना चाहिए।

एडीओ (आरडी) मनोज कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के लोगों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए बेहद उपयोगी है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे यहां प्राप्त जानकारी को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय रूप से जागरूक बनाएं।

कार्यक्रम के दौरान कुसुंभी निवासी उद्यमी सुरेंद्र तथा नवाबगंज निवासी राजेंद्र को डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने के लिए क्यूआर (बार) कोड उपलब्ध कराया गया।

इस अवसर पर आरबीआई की अग्रणी जिला अधिकारी नम्रता किरण, नाबार्ड के जिला विकास अधिकारी सुमित कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक यदुवेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक नवाबगंज शाखा प्रबंधक चंदन मिश्रा, आशाखेड़ा शाखा प्रबंधक ईशू त्यागी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कस्बा स्थित महात्मा गांधी इंटर कालेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा रहे माई भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी में पुलिस विभाग के साइबर विशेषज्ञ रविन्द्र पाल ने विद्यार्थियों को वर्ष 2026 में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों जैसे ओटीपी,स्कैम, यूपीआई , फ्रॉड क्यू आर कोडस्कैम,फेंक लिंक,सोशल मीडिया हैकिंग,डिजिटल अरेस्ट एआई आधारित धोखाधड़ी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताते हुए साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करना था कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की संगोष्ठी में माई भारत के मुख्य समन्वयक एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शाश्वत गुप्ता तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नूर अहमद भी उपस्थित रहे कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रियम सिंह, निष्ठा गुप्ता एवं कुशाग्र गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

# भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन का बड़ा ऐलान एक सप्ताह में नहर में पानी न आया तो होगा बड़ा आंदोलन

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। शारदा नहर मुख्य शाखा उन्नाव बीते ६ माह सें सूखी पड़ी है जनवरी के बाद नहर में पानी नही छोड़ा गया किसानों की जायद की फसल बर्बाद हुई । अब किसान खरीफ में धान की फसल की तैयारी कर रहा है जहाँ धान की नर्सरी तैयार है पूरे क्षेत्र में धान की रोपाई जोरों से चल रही है ।अल -नीनो के चलते मानसून भी झटका दे रहा है कमजोर बारिश व सूखी नहर देखकर किसान हैरान व परेशान है । मुख्य शाखा में पानी न आने से हजारों किसान धान की फसल नही लगा पा रहे हैं । यदि इस सप्ताह पानी न आया तो किसान धान की नर्सरी जोतने के लिए विवश होंगे । अधिशासी अभियंता शारदा खंड उन्नाव गगन शुक्ला ने बताया ऊपर से ही पानी नहीं मिल रहा पत्र लिखा गया है जल्द ही पूरी क्षमता के साथ पानी छोड़ा जाएगा भारतीय किसान क्रान्ति यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉ. वृजेन्द्र प्रताप सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि मुख्य शाखा मे पानी 1 सप्ताह के अन्दर पूरी क्षमता से न छोड़ा गया तो उस स्थित में हमारे संगठन के द्वारा अधिशासी अभियन्ता कार्यालय उन्नाव का घेराव किया जाएगा ।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज और बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने तहसील मुख्यालय के शिव मंदिर में बैठक कर मुख्यमंत्री के नाम से पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह को सौंपा

टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया गंगा एक्सप्रेसवे की चयनित श्रृंखला संख्या 460+245 पर बैसवारा के शहीदों और क्रांतिकारियों की स्मृति में इंटरचेंज बनाने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले पूर्व में 56 दिनों तक शांतिपूर्ण धरना दिया गया था। उस समय जनप्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया था, लेकिन एक्सप्रेसवे का उद्घाटन होने के बाद भी धरातल पर इंटरचेंज को लेकर कोई काम नहीं हुआ। इससे क्षेत्रवासियों में भारी असंतोष व्याप्त है। इसके अलावा एक्सप्रेसवे की चेन संख्या 461 से 462 तक सर्विस रोड न होने से किसान अपनी खेती करने से वंचित रह रहे हैं। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी से उपभोक्ताओ का नए कनेक्शन पर जबरन प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिया गया। लाइनमैनों को बिना कारण बताए सेवामुक्त किए जाने का पुरजोर विरोध कर साधन सहकारी समितियों में उच्च गुणवत्ता के खाद, बीज व कीटनाशक उचित मूल्य पर समय से उपलब्ध कराने तथा ग्राम सभा इन्द्रमऊ में गाटा संख्या 425 व 412 के अंतर्गत बाधित चक मार्ग की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटाने की मांग की गई। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ,अजय बाजपेयी, फतेह बहादुर सिंह सहित दर्जनों किसान व संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकारी धन में डाला जा रहा डाका मानक से कम प्रयोग हो रहे स्टाम्प अमीरों पर रहम गरीबों पर सितम

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में उप निबंधक कार्यालय के कर्मचारियों की मिली भगत से मौके की स्थिति व तथ्य छुपा कर प्रॉपर्टी डीलर व संभ्रांत लोगों के द्वारा मानक से कम स्टाम्प लगाकर जमीनों की रजिस्ट्री हो रही हैं वही गरीब व कमजोर लोगों के साथ उन्हें भूमियों में मानक के अनुसार स्टांप लिया जाता है लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है तहसील के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने अपना नाम पेपर में न छापने की शर्त पर बताया कि तहसील मुख्यालय के अंतर्गत उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे के किनारे ग्राम गौरी के गाटा नंबर 54 जो नेशनल हाईवे से जुड़ा हुआ है जिस पर उद्योग हेतु कारखाने लगे हुए हैं इस भूमि से जुड़ा गाटा नंबर 55 जो हाईवे से 50 मीटर के अंदर है उसमें जो बैनामे हुए हैं उन नंबरों पर उनमें नेशनल हाईवे से 300 मीटर अधिक दिखा करके साधारण रेट में बैनामे कर दिए गए हैं इसी प्रकार दर्जनों-बैनामे ऐसे हैं जो मानक के अनुसार स्टांप नहीं लगाए गए हैं कुछ तो यहां तक है कि भूमि नंबरों पर मकान दुकानें बनी हुई है फिर भी कृषि कार्य में बैनामे हो रहे हैं।

# बक्सर में बना राजा साहब का शहीद स्मारक बहा रहा अपनी बदकिस्मती पर आंसू

अमन लेखनी समाचार/आशू सोनी



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के बक्सर धाम स्थित अमर शहीद क्रांतिकारी राजा राव रामबख्श सिंह स्मृति पार्क सरकारी उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। कई माह पूर्व तेज आंधी के दौरान पार्क परिसर के किनारे खड़े एक विशाल पेड़ के गिर जाने से पार्क की बाउंड्री वाल भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गई थी। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी न तो जनप्रतिनिधियों ने इसकी सुध ली और न ही संबंधित अधिकारियों ने मरम्मत कराने की जरूरत समझी। विडंबना यह है कि इसी स्मृति पार्क में समय-समय पर मंत्री, विधायक, सांसद और अन्य बड़े नेता शहीद राजा राव रामबख्श सिंह को श्रद्धांजलि देने आते हैं, बड़े-बड़े भाषण देते हैं और शहीदों के सम्मान की बातें करते हैं। लेकिन कार्यक्रम समाप्त होते ही स्मारक की बदहाली फिर अनदेखी कर दी जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि टूटी हुई बाउंड्री के कारण आसपास के जंगल क्षेत्र से आवारा पशु और अन्य असामाजिक तत्व पार्क परिसर में प्रवेश कर नुकसान पहुंचाते हैं।इससे स्मारक की गरिमा भी प्रभावित हो रही है और सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि शहीद की स्मृति से जुड़े इस महत्वपूर्ण स्थल की टूटी बाउंड्री का तत्काल निर्माण कराया जाए, ताकि स्मारक की गरिमा बनी रहे और भविष्य में किसी प्रकार की क्षति न हो।अब बड़ा सवाल यह है कि जब शहीदों के सम्मान की बातें मंचों से की जाती हैं, तो उनके स्मारकों की बदहाली पर जिम्मेदारों की नजर आखिर कब पड़ेगी?

# जरूरतमंद परिवारों की बैसाखी बन उपचार हेतु करी आर्थिक मदद



अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में दशकों से चल रही समाजसेवा के अपने निरंतर क्रम को आगे बढ़ाते हुए अंकित सिंह परिहार ने ग्राम कोटवर निवासी सीमा देवी यादव एवं ग्राम महेशखेड़ा निवासी 4 वर्षीय बालिका सृष्टि रावत के उपचार हेतु आवश्यक आर्थिक प्रबंध कर उनके सकुशल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। इस अवसर पर अस्पताल की रसीदें संबंधित परिवारजनों को सौंपते हुए अंकित परिहार ने दोनों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि परिवार क्षेत्र का प्रत्येक परिवार उनका अपना है और किसी भी परिवारजन को आवश्यकता पड़ने पर उसके साथ खड़ा रहना वे अपना दायित्व मानते हैं। क्षेत्रवासियों ने इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे समाजसेवा के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता का परिचायक बताया।

# शिक्षक के स्थानांतरण को निरस्त करने की ग्रामीणों ने की मांग

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय मलयपुर कम्पोजिट में उस समय हड़कंप मच गया, जब सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित का नाम समायोजन (स्थानांतरण) सूची में शामिल होने की जानकारी ग्रामीणों को हुई। इस सूचना के मिलते ही विद्यालय के बाहर भारी संख्या में अभिभावकों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने शिक्षक के समायोजन को तत्काल निरस्त करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित बच्चों को बहुत लगन से पढ़ाते हैं और उनके आने के बाद से स्कूल के शैक्षणिक स्तर में काफी सुधार हुआ है। ऐसे में उनका ट्रांसफर किया जाना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ग्रामवासियों में अंशु पाल, पिंटू सिंह, मोहित सिंह, चांदली, सरोज, रामेश्वरी, छंगा सिंह, अनिता देवी, रीता देवी सहित लगभग दो दर्जन ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में शिक्षा विभाग को चेतावनी दी है कि यदि शिक्षक आशीष दीक्षित का स्थानांतरण नहीं रोका गया, तो वे अपने बच्चों का नाम स्कूल से कटवा लेंगे। इसके साथ ही ग्रामीणों ने उग्र रुख अपनाते हुए बीएसए (इरअ) कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की भी चेतावनी दी है।

# एक्सप्रेसवे ने बदली एनएच-27 की रफ्तार, पुराने टोल पर छाया सन्नाटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे शुरू होने के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (एनएच-27) की रौनक फीकी पड़ने लगी है। पहले जहां दिन-रात वाहनों की लंबी कतारें और जाम आम बात थी, वहीं अब पुराने हाईवे पर ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो गया है। अधिकांश कार, बस और भारी वाहन तेज, सुरक्षित व सुगम सफर के लिए एक्सप्रेसवे का रुख कर रहे हैं, जिससे पुराने टोल प्लाजा और हाईवे पर सन्नाटा नजर आने लगा है।

एक्सप्रेसवे से लखनऊ और कानपुर के बीच सफर करीब 45 मिनट में पूरा होने लगा है। इसका सीधा असर पुराने हाईवे पर दिखाई दे रहा है। टोल प्लाजा प्रबंधन के अनुसार पिछले 24 घंटे में यहां से गुजरने वाले वाहनों की संख्या में करीब 7,600 की कमी दर्ज की गई है। इनमें 6,600 कारें, 169 दो एक्सल बस व ट्रक, 192 तीन एक्सल वाहन और 508 चार से छह एक्सल वाले भारी वाहन शामिल हैं।

टोल मैनेजर आशीष सिंह व दीपक यादव ने बताया कि टोल प्लाजा का प्रतिदिन लगभग 41 लाख रुपये प्रतिदिन एनएचएआई को देना है। लेकिन एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद प्रतिदिन करीब 15 लाख रुपये की वसूली कम हो रही है।

ट्रैफिक का दबाव घटने से सड़क पर जाम और दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का मानना है कि भारी वाहनों की संख्या कम होने से आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सुगम होगा। हालांकि, एक्सप्रेसवे का असर पुराने हाईवे से जुड़े कारोबार पर भी दिखने लगा है। सड़क किनारे स्थित ढाबों, होटलों, पेट्रोल पंपों और छोटे व्यापारियों के यहां ग्राहकों की संख्या घटने लगी है। आने वाले दिनों में एक्सप्रेसवे का प्रभाव स्थानीय व्यापार और पुराने हाईवे की गतिविधियों पर और स्पष्ट दिखाई देने की संभावना है।

### फिर मिला असमी रोड केरियर को टोल

**नवाबगंज टोल प्लाजा का टेण्डर इस बार फिर वर्तमान कम्पनी असमी रोड केरियर को मिला है। इस बार कम्पनी को प्रतिदिन 41 लाख 65 हजार एनएचएआई को देना होगा। टोल मैनेजर दीपक यादव ने बताया कम्पनी का पुराना कार्यकाल 16 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। 17 जुलाई सुबह 8 बजे इसी कंपनी को 3 माह के लिए हैंडओवर हो जाएगा।**

# शटरिंग का काम कर रहे मजदूर की बिगड़ी तबियत हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सरदार पटेल वंश गोपाल डिग्री कालेज महाई में मंगलवार की देर शाम शटरिंग का कार्य कर रहे मजदूर की गर्मी के चलते अचानक तबियत बिगड़ गई जिसे सौ शैय्या अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अरविंद कटियार ने बताया कि अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव करौंदी निवासी 24 वर्षीय राहुल पुत्र कल्लू कॉलेज में सफीदों का कार्य कर रहा था, गर्मी के चलते तबियत बिगड़ गई। उसे बीघापुर स्थित सौ शैय्या अस्पताल लाया गया ।जिसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई ।शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

# घर में बैठी महिला पर युवक ने चाकू से किया हमला हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के सिंगानापुर गांव में मंगलवार देर शाम महिला पर गांव के ही युवक ने चाकू व डंडे से हमला कर घायल कर दिया। वारदात बाद परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जख्मी महिला को सीएचसी डॉक्टर ने उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां मंगलवार रात उसे भर्ती कराया गया। फिलहाल महिला का उपचार चल रहा है।

अजगैन थाना क्षेत्र के सिंगानापुर गांव की रहने वाली सुदेवी पत्नी रमेश घटना के समय घर पर अकेली थीं। जबकि परिवार के अन्य सदस्य पौधे लगाने के लिए बाहर गए हुए थे। इसी दौरान गांव का रहने वाला राममूरत नशे में वहां पहुंचा और अभद्र व्यवहार करने लगा। घायल महिला की बेटी काजल ने बताया कि उसकी मां ने आरोपी की हरकतों का विरोध किया तो वह पहले डंडे से मारपीट करने लगा। उसके बाद वह अंदर से चाकू लेकर आया और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने महिला के सिर पर चाकू से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बचाव दौरान महिला के हाथ में भी गहरी चोट आई। परिजनों का कहना है कि आरोपित ने बेरहमी से डंडों से मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां डॉक्टर की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने आरोपी राममूरत के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि आरोपी ने नशे में बिना किसी उकसावे के महिला पर जानलेवा हमला किया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी सुरेश सिंह बताया दोनो पक्षो की तरफ से तहरीर मिली है। पीड़ित पक्ष की तरफ से बहन शिवदेबी ने और दूसरे पक्ष के राममूरत ने तहरीर दिया। दोनो पक्षो की तरफ से मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल घायल महिला का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

## सम्पादकीय

# अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है जहाजों पर हमले

समुद्र केवल देशों की सीमाओं को जोड़ने वाला माध्यम नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा भी है। दुनिया के लगभग 80 प्रतिशत से अधिक व्यापार का संचालन समुद्री मार्गों से ही होता है। ऐसे में यदि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में चल रहे व्यापारिक जहाजों पर हमले होने लगे, तो यह केवल किसी एक देश पर हमला नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कानून और सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती है। यह एक तरह से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। ओमान तट के पास व्यापारी जहाज 'जीएफएस गैलेक्सी' पर हुआ हमला इसी बढ़ते खतरे का ताजा उदाहरण है। इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे, जिनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक नाविक अब भी लापता है। भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए स्पष्ट कहा है कि व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश में जुटा है। चिंता की बात यह है कि यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब पश्चिम एशिया पहले से ही ईरान-अमेरिका तनाव, परमाणु विवाद और सैन्य टकराव के कारण अस्थिर बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में शामिल है। वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा आपूर्ति, तेल की कीमतों, माल ढुलाई और पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। ईरान के वरिष्ठ नेता होर्मुज को अपनी रणनीतिक शक्ति बता रहे हैं, जबकि अमेरिका इस क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई तेज कर रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता टकराव केवल दो राष्ट्रों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि इसका खामियाजा उन निर्दोष नाविकों और व्यापारिक जहाजों को भुगतना पड़ रहा है, जिनका किसी सैन्य संघर्ष से कोई संबंध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि युद्ध या तनाव की स्थिति में भी व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जा सकता। इसके बावजूद यदि ऐसे हमले जारी रहते हैं, तो यह नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। भारत के लिए यह मामला और भी महत्वपूर्ण है। देश का अधिकांश विदेशी व्यापार समुद्री मार्गों से होता है और लाखों भारतीय नागरिक दुनिया भर के व्यापारिक जहाजों पर काम कर रहे हैं। ऐसे में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, समुद्री व्यापार की निर्बाध आवाजाही और ऊर्जा आपूर्ति की रक्षा राष्ट्रीय हित का विषय है। भारत को केवल कूटनीतिक बयान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपनी समुद्री सुरक्षा नीति को और मजबूत करना होगा। भारतीय नौसेना की सक्रिय तैनाती, मित्र देशों के साथ खुफिया सहयोग, समुद्री निगरानी और संकटग्रस्त क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव क्षमता को और सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को अपनी संतुलित विदेश नीति का उपयोग करते हुए तनाव कम करने और संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। भारत की विश्वसनीय छवि और सभी पक्षों से संवाद की क्षमता उसे इस दिशा में प्रभावी योगदान देने का अवसर देती है। समुद्र किसी एक देश की जागीर नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर हैं। यदि व्यापारिक जहाज युद्ध का निशाना बनने लगे, तो इसका असर हर देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों की जेब पर पड़ेगा। इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को केवल चिंता व्यक्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ऐसे हमलों के खिलाफ ठोस और सामूहिक कार्रवाई करनी होगी।

# आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक



राम मंदिर
उज्ज्वल दीपक

> अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई है। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा।

अयोध्या में श्रीराम लला के दानपात्रों से धन की कथित चोरी की घटना ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। सनातन धर्म के लिए यह केवल दान की राशि की चोरी नहीं, बल्कि भावनाओं पर चोट है। जब से सरकार ने इस घटना की आधिकारिक जांच शुरू की और पूरे देश की मीडिया में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई, सनातन धर्म का पालन करने वाले भक्तों में एक अलग तरह की जिज्ञासा और शंका उत्पन्न हुई हैं। प्रथम दृष्टया तो विश्वास ही नहीं हुआ, फिर जब उत्तर प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर इसकी जांच शुरू की, संलिप्त लोगों से पूछताछ की गई और चोरी की गई धनराशि बरामद करने की सूचनाएं आईं तो हिन्दू संवेदनशील समाज को आघात जरूर लगा। श्रद्धालुओं को अपने द्वारा दान की गई राशि या गहने इत्यादि के विषय में भी आशंका उत्पन्न हुई। कुछ सवाल जो आम जनमानस में हैं कि क्या इससे अयोध्या के भव्य मंदिर की महिमा कम होने की सम्भावना है, क्या सनातन धर्म कमजोर हो जाएगा, क्या करोड़ों लोगों की आस्था समाप्त हो जाएगी, या ये सिर्फ कुछ अपराधियों द्वारा व्यवस्था की कमजोरी का लाभ उठाने की घटना है? इस पूरे घटनाक्रम का एक पक्ष ऐसा भी है, जिसकी चर्चा होनी चाहिए!

इस घटना पर पर्दा डालने का कोई प्रयास नहीं किया गया, सरकार ने तुरंत संज्ञान लिया, मंदिर प्रबंधन ने जांच और आवश्यक कार्रवाई में सहयोग किया, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों ने भी किसी दोषी को बचाने की वकालत नहीं की, बल्कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और धर्म की मर्यादा की रक्षा की बात कही। यही तो सनातन की सबसे बड़ी विशेषता है। यह आस्था का संकट नहीं, व्यवस्था की चूक है, और व्यवस्था की चूक का समाधान व्यवस्था को मजबूत बनाकर होगा, आस्था पर प्रश्नचिह्न लगाकर नहीं! श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में सबसे लंबे सामाजिक आंदोलनों में से एक है। यह किसी संगठन का अभियान मात्र नहीं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की सांस्कृतिक चेतना का विषय है। पूरे विश्व से लोग जुड़े, गांव -गांव से कारसेवकों ने अपने अपने स्तर पर योगदान किया, साधु-संतों ने अग्रणी भूमिका निभाई, विश्व हिंदू परिषद ने जन जागरण किया,स्वयंसेवकों ने दशकों तक समाज को संगठित रखा और भारतीय जनता पार्टी, चाहे सत्ता में हो या विपक्ष में, ने इस विषय को केंद्रीय मुद्दा बनाए रखा और श्री राम जन्मभूमि आंदोलन को अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता माना। आज की युवा पीढ़ी शायद कल्पना भी नहीं कर सकती कि राम जन्मभूमि आंदोलन कितनी लंबी यात्रा का परिणाम था। 1949 से लेकर 1980 के दशक तक, 1984 की धर्म संसद से लेकर 1990 की कार सेवा तक, 1992 की घटनाओं से लेकर दशकों तक अदालतों में चली सुनवाई तक। फिर सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय और संवैधानिक प्रक्रिया के आधार पर अंततः भव्य मंदिर का निर्माण। इसलिए यह मंदिर केवल एक निर्माण नहीं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया, लोकतांत्रिक विश्वास और करोड़ों श्रद्धालुओं के धैर्य का प्रतीक है। जिस मंदिर को देखे बिना हजारों-लाखों साधु-संत स्वर्गवासी हो गए, लाखों कार्यकर्ता बूढ़े हो गए, जिस मंदिर के लिए सैकड़ों परिवारों ने अपनी संतान खो दी और हजारों कारसेवकों



को जेल की हवा कहानी पड़ी, उस मंदिर के दानपात्र से जब चोरी जैसी घटना सामने आती है तो उसका सबसे अधिक दर्द उसी समाज को होता है जिसने इस मंदिर के लिए सबसे अधिक संघर्ष किया है। यह मंदिर केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि पांच सौ वर्षों के धैर्य का परिणाम है। सनातन धर्म व्यक्ति की नहीं, धर्म की रक्षा करता है। यदि कोई अपराध करता है तो वह चाहे कितना ही निकट क्यों न हो, उसके कृत्य का समर्थन नहीं किया जा सकता, और यही धर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 3 जुलाई 2026 को जारी अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि यह घटना करोड़ों रामभक्तों की भावना को आहत करने वाली है। उन्होंने दोषियों को कठोर दंड देने की अपेक्षा व्यक्त की और मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने समाज से धैर्य बनाए रखने और इस घटना का उपयोग कर हिंदू समाज को बदनाम करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। और यही अंतर है। यहां अपराधी बचाने की संस्कृति नहीं है। यहां आत्ममंथन करने की परंपरा है। यही किसी उत्तरदायी समाज की पहचान होती है। दुनिया भर के धार्मिक संस्थान ऐसी घटनाओं से अछूते नहीं रहे हैं। यूरोप के अनेक चर्चों में दानपात्रों की चोरी की सहित ऐतिहासिक चर्चों से बहुमूल्य कलाकृतियां की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। मलेशिया, अमेरिका एवं भारत सहित कई देशों की विभिन्न मस्जिदों में भी चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले उजागर हुए हैं। लेकिन इन घटनाओं के आधार पर किसी धर्म की पवित्रता पर प्रश्न नहीं उठाया गया। अपराधियों को दोषी माना गया, धर्म को नहीं। इसी परिपक्वता की जरूरत अब हमारे देश भारत में भी है। हमारा दुर्भाग्य है कि देश की राजनीति में हर घटना को वैचारिक युद्ध का हथियार बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सरकार की जवाबदेही तय करना लोकतंत्र का हिस्सा है और विपक्ष एवं समाज का उस पर प्रश्न पूछना भी उचित है। लेकिन यदि किसी अपराध को पूरे हिंदू समाज, श्री राम मंदिर आंदोलन या सनातन पर हमला करने के अवसर के रूप में प्रस्तुत किया जाए, तो वह स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श नहीं रह जाता और समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करता है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और धार्मिक आस्था के बीच की मर्यादा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों एवं संगठनों की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस घटना की जांच पर ध्यान दें, न कि उस आंदोलन को कटघरे में खड़ा करें जिसने संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से अपना लक्ष्य प्राप्त किया है। आज एक ऐसा नरेटिव फ़ैलाने की कोशिश की जा रही है जहां पूरे सनातन धर्म पर प्रश्न खड़े किये जा रहे हैं. ये दोहरा चरित्र का प्रदर्शन है और इस भ्रम को पूरे देश में फ़ैलाने का काम कुछ लोग करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारे सनातन धर्म में आत्ममंथन एक सतत प्रक्रिया है। जब भी भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में कठिन निर्णय लिए, उन्होंने स्वयं मर्यादा को सदैव सर्वोपरि रखा। यदि किसी ने मंदिर की संपत्ति पर हाथ डाला है तो वह केवल कानून का अपराधी नहीं, श्रद्धा का भी अपराधी है। उसे कठोर दंड मिलना चाहिए।

इतिहास गवाह है कि सनातन सभ्यता ने अनेक आक्रमण झेले। श्री राम के मंदिर में चोरी हुई है तो अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे दंड मिलना चाहिए। यही श्री राम का न्याय है। क्योंकि सनातन का इतिहास यही कहता है, हम व्यक्ति के साथ नहीं, धर्म के साथ खड़े होते हैं। हम अपराध को छिपाकर आस्था की रक्षा नहीं करते, अपराध को दंडित करके आस्था को और मजबूत बनाते हैं। यही श्री राम का मार्ग है, यही मर्यादा है और यही भारत की सांस्कृतिक शक्ति भी।

## परियोजनाएं

विवेक मिश्रा



# सामरिक प्रभुत्व तय करती है निर्माण कार्यों की गति

बहुराष्ट्रीय परियोजनाएं, देशों के मध्य व्यावसायिक उत्कर्ष, सुगम नागरिक संपर्क और सामरिक श्रेष्ठता की स्थापत्य कलाकृति होतीं हैं। स्वकेंद्रित प्रभुत्व के सामने, यह समत्व के समन्वयकारी विस्तार को मान्यता देती है। जैसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के सैद्धांतिक प्रतिकार में खड़ी भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट योजना। यद्यपि इन परियोजनाओं की सफलता, प्रारंभिक सैद्धांतिक मान्यता से कहीं बढ़कर वास्तविक निर्माण तीव्रता पर निर्भर करती है। विदेश नीति में भी निर्माण गति का विशेष महत्व है। रणनीतिक क्षेत्रों तक त्वरित, सरल व सुदृढ़ शांतिपूर्ण उपस्थिति, सुरक्षा की प्रथम दीवार बनती है। इन दिनों बांग्लादेश के द्वारा मोंगला पोर्ट के विनिर्माण विकास अधिकार भारत से वापस लेकर, चीन को सौंपे जाने की चर्चाएं चहुंओर हो रही हैं। कारणों में, वर्ष 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन को प्रधान्यता के साथ उठाया गया, लेकिन इस शोर में हमने उस तथ्य का वेष्टन किया है, जो हमारे क्रियान्वयन के घोंघा चाल से उजागर होता है। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री की बांग्लादेश यात्रा के तहत, तय हुए अनुबंध में, भारत को 110 एकड़ क्षेत्र पर आर्थिक गलियारा विकसित करने का अधिकार प्राप्त हुआ था। भारत की सुस्पष्ट लाइन ऑफ क्रेडिट योजना से इसका वित्तपोषण होना था। इस योजना के अंतर्गत 75 प्रतिशत निर्माण सामान व सेवाएं भारत से प्राप्त करना होता है। भारत सरकार से जारी फंड की प्राप्ति पर, संबंधित देश औपचारिक निविदा जारी कर आवंटन करते हैं। सरकार से सरकार (जी टू जी) स्तर पर हुए, मोंगला पोर्ट विकास समझौते को मूर्त रूप देने के लिए एक लंबी जटिल कागजी कार्रवाई चली, जिसके बाद सन 2018 में भारत सरकार से फंड जारी हुआ। बांग्लादेश की ओर से 2019 में सलाहकार (पीएमसी) की नियुक्ति के संबंध में कड़े प्रावधानों को प्रस्तावित किया गया। इनमें कंसल्टेंसी समूहों से ऊंचे टर्न ओवर, नेटवर्थ, वृहद् कार्यक्षेत्र और विशिष्ट तकनीकी अनुभव की मांग अपेक्षित की गई। इन शर्तों को पूर्ण करने की स्थिति में, अडानी ग्रुप और एलएनटी समूह को छोड़कर कोई भी अन्य भारतीय प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी समूह सक्षम नहीं थे। योग्यता के बावजूद इन दोनों बड़े समूहों का भागीदारी न दिखाना, तात्कालिक भारतीय राजनीतिक परिस्थितियों, लाभांश और सीमित स्वतंत्र कार्यशैली की वजह से था। विपक्ष, सरकार पर अडानी समूह को फायदा पहुंचाने के आरोपों के साथ हावी था, स्वयं अडानी समूह भी इस प्रोजेक्ट में सरकार द्वारा हीरानंदानी ग्रुप को नामित कर देने के बाद सलाहकार फर्म के तौर पर, मात्र 80 करोड़ के सर्विस कॉन्ट्रैक्ट पर कार्य करने को इच्छुक न था। जबकि एलएनटी समूह लाइन ऑफ क्रेडिट जैसी योजनाओं की बाध्यकारी नियमावली में कार्य करने के बजाए स्वतंत्र रूप से कार्य करने में भरोसा रखता है। इस सब का अंततोगत्वा परिणाम यही निकला कि 9 वर्षों के लम्बे विलंब और 2024 में शेख हसीना सरकार के निष्कासन के साथ उपजी भारत विरोधी भावनाओं में मोंगला पोर्ट के विकास अधिकार चीनी सरकारी कम्पनियों के ओर बह गए। पड़ोसी देशों में रणनीतिक महत्व वाले स्थानों पर पिछड़ते भारतीय प्रोजेक्ट हमारी वैश्विक कूटनीतिक बढ़त को बेहद कमजोर कर देते हैं। उदाहरण सिर्फ बांग्लादेश का ही नहीं है, म्यांमार में वर्ष 2008 में स्वीकृत और 2010 से कार्यरत कलादान मल्टी मॉडल प्रोजेक्ट, सिलीगुड़ी कॉरिडोर के जरिए पूर्वोत्तर राज्यों की एकमात्र पहुंच को वैकल्पिक मार्ग देता है। शिथिल कार्यशैली के चलते यह प्रोजेक्ट भी तय समय सीमा, वर्ष 2014 तक पूरा न हो सका। इसके बाद 2019 में कोरोना महामारी और म्यांमार में साल 2021 के सैन्य तख्ता पलट से निर्मित अनिश्चितताओं के चलते, यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आज भी पूर्ण होने की राह देख रहा है। म्यांमार से जुड़ा एक और अहम, भारत - म्यांमार - थाईलैंड राजमार्ग का कार्य , 2002 में विचारित, 2012 से आरंभित और 2016 को पूर्णता के प्रति लक्षित था। भारत इसे कंबोडिया,लाओस व वियतनाम तक प्रसारित कर ईस्ट वेस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर का रूप देना चाहता है, हाल फिलहाल यह आशंकाओं से घिरा है।

## सत्य में ऐसी शक्ति जो सौ झूठ से बचाए



संकलित
**दर्शन**

संसार में सत्य को सबसे सुंदर कहा गया है। हमारे शास्त्र भी कहते हैं कि सत्य के लिए किसी से भी संघर्ष करने के लिए स्वयं को सदैव तत्पर रखना चाहिए। एक सत्य ही तो है, जो मनुष्य को सौ झूठ बोलने से बचा लेता है। सत्य की ऐसी महत्ता-महिमा होते हुए भी संप्रति संसार में असत्य का बोलबाला बढ़ा है। हालांकि, असत्य का आश्रय लेने वालों को सदैव यह स्मरण रखना चाहिए कि अंत में विजय सत्य के खेमे का ही वरण करती है। वास्तव में जहां सत्य है, वहीं धर्म है और जहां धर्म वहीं विजय है। यदि हमारी जीवन रूपी इमारत सत्य रूपी नींव पर खड़ी होगी तभी हम उसे निरंतर ऊंचाई प्रदान करते हुए उसकी प्रकृति को संरक्षित रख पाएंगे। सत्य के महत्व पर बुद्ध ने कहा कि सत्य को छोड़कर जो असत्य बोलता है, धर्म का उल्लंघन करता है, परलोक की जिसे चिंता नहीं है, वह व्यक्ति बड़े से बड़ा पाप कर सकता है। इसलिए असत्य का परित्याग ही श्रेयस्कर है। मनीषी कहते हैं कि 'मनसा वाचा कर्मणा' यानी मन, वचन और कर्म से सत्य बोलना चाहिए। जो विचार मन में हों वही वाणी में भी होने चाहिए और उसी के अनुरूप ही मनुष्य का व्यवहार भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि मन, वचन और कर्म से अलग रहने वाले पूर्णरूपेण सत्य का आचरण नहीं कर सकते।गांधी जी जैसे महामानव सत्य को निरपेक्ष सत्य के रूप में ग्रहण करते हैं। सत्य को ईश्वर का पर्यायवाची बताते हैं। उसे अपनी नीति का अहम अवयव मानते हैं।

## हनुमान जी ने सूर्यदेव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
**प्रेरणा**

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सरकारी धन का उचित प्रयोग करें सरकारें

देश में बहुत से राज्यों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जैसे कि कहीं सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं अर्थात सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए इलाज की सुविधाएं नहीं, कहीं स्ट्रीट लाइट, कहीं सफाई व्यवस्था, कहीं पीने वाले पानी की समस्या, कहीं टूटी सड़कें, लेकिन इनमें से कुछ राज्य बेवजह ही सरकारी पैसे को मुफ्त में लोगों को बांट रहे हैं। अगर इस सरकारी पैसे को ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए खर्च किया जाए तो लोगों को सुविधाएं मिलेंगी, जो लोगों की साफ-सफाई, गरीबों को बीमारियों और अन्य बहुत सी समस्याओं को हल करेंगी। इसी तरह बुजुर्गों के लिए बुढ़ापा पेंशन कम से कम 5000 रुपए प्रति माह होनी चाहिए।

*- सतीश चौहान, रायगढ़*

## ट्रेंड

### जानकी अम्मा को नमन



मशहूर प्लेबैक सिंगर एस. जानकी अम्मा का निधन संगीत और संस्कृति की दुनिया के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार और पूरे संगीत जगत के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर भारत



भारतीय नौसेना में आईएनएस महेंद्रगिरि का शामिल होना न केवल भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का प्रमाण है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के शानदार उदय का भी प्रतीक है। यह युद्धपोत, नए भारत की तकनीकी क्षमता, औद्योगिक शक्ति और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का जीवंत प्रतीक है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### स्वास्थ्य सुविधाएं



बेहतर इलाज के लिए लोगों को पहाड़ों के मुश्किल रास्तों पर मीलों का सफर करना पड़ता था। इसी चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में ठोस कदम उठाए। उन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि हिमाचल स्वास्थ्य सुविधाओं में नए दौर में प्रवेश कर रहा है।
-**सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश

### चावल घोटाला



आज मध्य प्रदेश बीजेपी सरकार के राज में भ्रष्टाचार और लूट का केंद्र और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गया है। एक घोटाला खत्म भी नहीं हो पाता कि दूसरा सामने आ जाता है। अब, इथेनॉल के नाम पर 200 करोड़ रुपये का चावल घोटाला सामने आया है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# भारतीय शादियों के लिए श्रीलंका बना नया गंतव्य



विदेशों में होने वाली भारतीय शादियों के लिए 2025 में श्रीलंका सबसे तेजी से उभरते गंतव्य के रूप में सामने आया है और इसकी लोकप्रियता में 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

वहीं, पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद वर्ष 2026 में भारतीय जोड़ों के अपनी विशेष समारोह की योजनाओं में बड़ी कटौती करने की संभावना कम है।

शादी की योजना बनाने वाले मंच 'वेडमीगुड' की 'डेस्टिनेशन वेडिंग रिपोर्ट 2026' के अनुसार, आसान पहुंच, भारत से नजदीकी, शानदार आतिथ्य सुविधाओं और यादगार अनुभवों वाले आयोजनों के कारण श्रीलंका तेजी से एक प्रमुख विवाह गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

## ऑफ बीट

# मेरी मांसपेशियों में व्यायाम के बाद हल्का दर्द क्यों होता है



जब हममें से कई लोग इस खराब मौसम से उबरने के लिए जिम जाते हैं या दौड़ने जाते हैं, तो उन्हें मांसपेशियों में थोड़ा अतिरिक्त दर्द महसूस हो सकता है। ऐसा खास तौर से तब होता है जब कसरत किए कुछ समय हो गया हो। एक आम ग़लतफ़हमी यह है कि ऐसा दर्द मांसपेशियों में लैक्टिक एसिड के निर्माण के कारण होता है। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि लैक्टिक एसिड का इससे कोई लेना-देना नहीं है। सच्चाई कहीं अधिक दिलचस्प है, लेकिन थोड़ी अधिक जटिल भी है। यह लैक्टिक एसिड नहीं है । हम दशकों से जानते हैं कि लैक्टिक एसिड का व्यायाम के बाद मांसपेशियों में होने वाले दर्द से कोई लेना-देना नहीं है।

## संक्षेप

### पीएम श्री विद्यालय में घटिया सामग्री से निर्माण

#### बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का दिया आश्वासन

अमेठी , सिंहपुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत पहौना स्थित पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य घटिया सामग्री से हो रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा खुलेआम पीले ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों की शिकायत पर 1 जुलाई को सिंहपुर के प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) राकेश सचान ने विद्यालय पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें निर्माण स्थल पर पीले ईंटों के कई बड़े ढेर मिले। बीईओ ने संबंधित अधिकारियों को घटिया सामग्री और पीले ईंटों का उपयोग न करने की सख्त हिदायत दी थी। हालांकि, इस हिदायत के बावजूद कार्यदायी संस्था पर कोई असर नहीं हुआ है। दस दिन बाद भी अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य घटिया सामग्री और पीले ईंटों से धड़ल्ले से जारी है। हैरानी की बात यह है कि शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों को कार्यदायी संस्था का नाम और कक्ष निर्माण के कुल बजट की कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी, संजय तिवारी ने कहा है कि मामले की शीघ्र ही जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 3.55 करोड़ से बने एआईजी-स्टाम्प कार्यालय का उद्घाटन

#### स्टाम्प मंत्री बोले – रजिस्ट्री सेवाएं होंगी पूरी तरह डिजिटल

अमेठी , जिला मुख्यालय गौरीगंज में लगभग 3 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से बने आधुनिक एआईजी स्टाम्प कार्यालय का सोमवार को उद्घाटन किया गया। प्रदेश के स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने पूजा-अर्चना के साथ कार्यालय का शुभारंभ किया। यह कार्यालय जिले में स्टाम्प और रजिस्ट्री व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। मंत्री ने बताया कि नया एआईजी स्टाम्प कार्यालय पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था पर आधारित होगा। इसके शुरू होने से जिले के लोगों को स्टाम्प और रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों में अधिक पारदर्शिता, तेजी और सुविधा मिलेगी। इससे कार्यालयी प्रक्रियाएं भी पहले की तुलना में अधिक आसान होंगी। स्मृति ईरानी के प्रयासों का किया जिक्र उद्घाटन समारोह के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री और स्टाम्प एवं निबंधन मंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यालय के निर्माण को लेकर उनके प्रयासों का भी उल्लेख किया गया। 2023 में मिला प्रस्ताव, 2024 में मिली जमीन मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2023 में कार्यालय निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। इसके बाद 2024 में भूमि उपलब्ध कराई गई और अब भवन बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने अमेठी में एआईजी कार्यालय स्थापित कराने का विशेष आग्रह किया था।

# आदर्श नगर पंचायत मिहींपुरवा में मानक विहीन कार्य कराने का आरोप

## नामित सभासद अशोक उर्फ गुड्डू लोधी ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। आदर्श नगर पंचायत मिहींपुरवा के वार्ड नंबर 15 में मानक विहीन निर्माण कार्य होने का आरोप लगा है। आरोप है कि निर्माण कार्य में ईंट से लेकर लगाई जा रही अन्य सामग्री घटिया किस्म की लगाई जा रही है इस प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया पर नगर पंचायत वासी तरह-तरह प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

आदर्श नगर पंचायत मिहींपुरवा के वार्ड नंबर 15 में भारतीय स्टेट बैंक से लेकर ज्ञान सागर स्कूल तक लगभग एक किलोमीटर में पिछले महीने से सड़क किनारे पटरियों पर इंटर लॉकिंग लगाने का कार्य संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा शुरू कराया गया। शुरूआती दौर से ही निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप नगर वासी लगा रहे थे लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। और मामला चर्चा में तब आया जब नगर पंचायत के नामित सभासद अशोक कुमार उर्फ गुड्डू लोधी ने इस प्रकरण को सोशल मीडिया से लेकर उप जिला अधिकारी मिहींपुरवा को अवगत कराया। सभासद ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य कराने वाली कार्यदायी संस्था ने मानक विहीन सामग्री लगाकर निर्माण कार्य शुरू किया है। जिसमें एजिंग में अव्वल ईंट के स्थान पर पीली ईंट लगाने तथा सीमेंट कम डालने का आरोप है। चर्चा यह भी है कि निर्माण कार्य की गति धीमी है और कार्यदायी संस्था द्वारा सड़क खोदकर छोड़ दिया गया है जिससे आम नागरिक स्कूली बच्चों सहित सभी लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। सभासद ने संबंधित कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत के कई अन्य लोगों ने भी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में नगर पंचायत मिहींपुरवा के अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है मौके पर जेई को भेजा है जांच करके कार्रवाई की जाएगी, मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# एक करोड़ रुपये की चरस सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। जनपद बहराइच पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। थाना रुपईडीहा पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान 1.586 किलोग्राम अवैध चरस के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1.25 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक बहराइच विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गाप्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। दिनांक 14 जुलाई 2026 को कस्बा रुपईडीहा स्थित एसएसबी चेक पोस्ट पर चलाए जा रहे संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान नेपाल से भारत की ओर आ रहे नेपाली नागरिक नरेन्द्र बहादुर सिंह (34 वर्ष), पुत्र कुश बहादुर सिंह, निवासी बारकोट ग्राम पालिका वार्ड संख्या 04, जिला जाजरकोट, नेपाल को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1.586 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना रुपईडीहा में मु0अ0सं0 176/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में थाना रुपईडीहा पुलिस, एएनटीएफ लखनऊ तथा 42वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा के अधिकारियों एवं जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सपा नेता डॉ संतोष वर्मा ने क्षेत्रवासियों के साथ मनाया अपना जन्मदिवस

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद बहराइच के 283 विधानसभा नानपारा से संभावित प्रत्याशी सपा नेता डॉ संतोष वर्मा ने अपना जन्मदिवस अपने क्षेत्र वासियों तथा कार्यकताओं के साथ नानपारा समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय पर धूम धाम से मनाया। उनके जन्मदिवस पर सभी क्षेत्रवासियों एवं कार्यकताओं ने ढेर सारी शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं ने तथा सम्मानित क्षेत्र वासियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की वही अपने जन्म दिवस के शुभ अवसर पर आए हुए सभी कार्यकताओं एवं क्षेत्र वासियों को उन्होंने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव, रामदीन गौतम, बृजेश पांडे, गोपी पांडे, राजाराम वर्मा, राजेश गौतम, उमेश कुमार, सर्वेश वर्मा, कमलेश वर्मा, अनिल वर्मा, अजीत गौतम, रज्जब अली, मोहम्मदअजीज, मोहम्मद सहाबू, ब्रह्ममा दत्त वर्मा, अरुण वर्मा, रामनिवास यादव, सचिन वर्मा, तथा सैकड़ो कार्यकताओं ने जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस दौरान भारी तादात में पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया पत्रकार ठाकुर बृजेश सिंह राठौर का जन्मदिन

## शबनम हॉस्पिटल में केक काटकर दी गई शुभकामनाएं

### पत्रकारों चिकित्सकों व गणमान्य लोगों ने दी दीघार्यु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के पत्रकार ठाकुर बृजेश सिंह राठौर का जन्मदिन सोमवार को कैसरगंज स्थित शबनम हॉस्पिटल में हर्षोल्लास, आत्मीयता और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों, समाजसेवियों, चिकित्सकों और शुभचिंतकों ने सहभागिता कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ता पंडित



बदलूराम मिश्रा ने ठाकुर विजय सिंह राठौर को केक खिलाकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मुबारकबाद दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जन्मदिन का उत्सव मनाया और उनके सफल, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की मंगलकामना की। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होता है। निष्पक्ष, जिम्मेदार और जनहित की पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने ठाकुर विजय सिंह राठौर के पत्रकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा जनसरोकार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। समारोह के दौरान सभी अतिथियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा उनके जीवन में निरंतर सफलता, सम्मान और तरक्की की कामना की। पूरे कार्यक्रम में आत्मीयता और सौहार्द का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर डॉ. योगेश प्रताप सिंह, पंडित बदलूराम मिश्रा, गुलाब सिंह, पिन्नू सिंह, विकास वर्मा, समद खान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और जन्मदिन की खुशियों को साझा करते हुए ठाकुर विजय सिंह राठौर के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

# व्यवसायिक गतिविधियों में घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग करना दण्डनीय अपराधः डीएसओ

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रतिष्ठानों, होटलों, ठेला, ढाबों, कैटरिंग इत्यादि व्यवसायिक कार्यों एवं गतिविधियों में कामर्शियल गैस सिलेण्डरों के स्थान पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का प्रयोग किया जाना अवैधानिक है, जो अपराध की श्रेणी में आता है एवं दण्डनीय अपराध है।

श्री तिवारी ने गैस सिलेण्डर के माध्यम से व्यवसाय करने वाले उपभोक्ताओं/व्यवयाईयों को सुझाव दिया है अपने नजदीकी गैस एजेन्सी से सम्पर्क कर तत्काल कामर्शियल गैस सिलेण्डर का कनेक्शन प्राप्त कर लें।

उन्होंने बताया कि नीले रंग के कामर्शियल गैस सिलेण्डर 19 कि.ग्रा. एवं 05 कि. ग्रा. में उपलब्ध हैं। इच्छुक व्यवसायी आवश्यकतानुसार नीले रंग के कामर्शियल गैस सिलेण्डर प्राप्त कर सकते हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी सम्बन्धित को सचेत किया है कि व्यवसायिक गतिविधियों में कदापि लाल रंग के घरेलू गैस सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) का प्रयोग ने करें। कामर्शियल गैस सिलेण्डर के स्थान पर घरेलू गैस सिलेण्डर का प्रयोग करना एलपीजी कन्ट्रोल आर्डर-2000 (यथा संशोधित) की धारा-13 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है जिसके लिए सम्बन्धित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# सेवा, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया गया इंजीनियर अविनाश साहू का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा

बहराइच। अपना दल (एस) के प्रदेश आईटी मंच के अध्यक्ष इंजीनियर अविनाश साहू का जन्मदिन बुधवार को सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा को बढ़ावा देने वाले कई आयोजन किए गए। दिन की शुरूआत गौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय से हुई, जहां विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री और मिठाइयां वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। बच्चों से नियमित पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान भी किया गया। इसके बाद मटेरा क्रॉसिंग पार स्थित जनसंपर्क कार्यालय में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन का आयोजन हुआ। क्षेत्र की खुशहाली, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान इंजीनियर अविनाश साहू ने कार्यकताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। इस दौरान इंजीनियर अविनाश साहू ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की




जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष गिरीश पटेल, मटेरा विधानसभा अध्यक्ष राममोहन पटेल, शकील अहमद, सुरेश साहू, राम प्रकाश साहू, बलिराम सहित पार्टी के जिला व विधानसभा स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोग मौजूद रहे। सभी ने इंजीनियर अविनाश साहू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यदि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसरों को सेवा, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहित के कार्यों से जोड़ा जाए तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों को सामाजिक दायित्व निभाने की प्रेरणा मिलती है।

# अवध वाटिका संस्था के अध्यक्ष के जन्मदिन पर आयोजित हुई काव्य गोष्ठी

## कार्यक्रम में कई अन्य जनपद के कलमकार हुए शामिल

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। अवध वाटिका साहित्य संस्थान बहराइच के तत्वावधान में आयोजित नियमित पाक्षिक कवि गोष्ठी का आयोजन सेनानी भवन सभागार बहराइच में किया गया जिसकी अध्यक्षता बाराबंकी के साहित्यकार अदील मंसूरी ने की। संचालन तिलक राम अजनबी ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद बहराइच के परिवहन विभाग के अधिकारी अवधराज गुप्ता जी रहे। यह कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष पीके प्रचंड के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया तथा इस अवसर पर अवध वाटिका साहित्य संस्थान बहराइच की ओर से जनपद देवरिया की कवयित्री क्षमा श्रीवास्तव, मुजफ्फरपुर बिहार की सुश्री मुस्कान केसरी, बहराइच की




मधुलिका स्वरूप, सीतापुर की सुमन मनीष मिश्रा, लखनऊ के कवि हरि गोविन्द यादव, शायर अतीक काशगंजवी, सरवर बहराइची, आमिल व शौहर गोण्डवी, डा शाद बलरामपुरी, जव्वाद वारिस को संस्था के संरक्षक आदरणीय राम सागर राव (पूर्व विधायक) ने अध्यक्ष पीके प्रचण्ड को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध राज गुप्ता, अध्यक्षता कर रहे अदील मंसूरी, उपाध्यक्ष रईस सिद्दीकी, संस्था की कोषाध्यक्ष श्रीमती सारंधा रानी व अन्य सदस्यों ने अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया तत्पश्चात कवि राघवेंद्र त्रिपाठी की वाणी वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ फिर कवि विनोद कश्यप, महीप चन्द कनौजिया, रामसूरत वर्मा जलज, शैलेन्द्र मिश्रा, रफी खान बम्पर, रईस सिद्दीकी, डा ऋचा श्रीवास्तव, सुश्री रंजीता राज, सुभाषित श्रीवास्तव अकिंचन, शैलेन्द्र सागर शुक्ल, डा सगीर अहमद, डामुबारक ,अल्लन बहराइची, श्रीमती लल्लू देवी, रुखसार परवीन, उमर नानपारवी, अज्म गोण्डवी, जमाल अजहर, शहनवाज खान सहित सभी कवियों /शायरों ने अपनी अपनी रचनाएं पढ़ी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध राज गुप्ताने भी अपनी रचना पढ़ी तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद के संगठन मंत्री रमेश चन्द्र मिश्र व संस्था के संरक्षक राम सागर राव ने सभी कवि एवं साहित्य प्रेमी बंधुओं की सराहना की तथा आशीर्वचन प्रदान किया अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अदील मंसूरी ने पीके प्रचंड को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए अध्यक्षीय काव्य पाठ करते हुए सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर संजय वर्मा एडवोकेट, धनुषधारी चौरसिया एडवोकेट, दीपेन्द्र पाण्डेय, राजकिशोर वर्मा एडवोकेट, अनूप पाल सहित अन्य तमाम साहित्य प्रेमी बंधु उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का आनन्द प्राप्त किया।

# थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत के स्थानांतरण पर उनके सम्मान में एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनके उत्कृष्ट कार्यकाल की सराहना की तथा नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं।




वक्ताओं ने कहा कि श्री रावत ने अपने कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सौम्य व्यवहार एवं कार्यशैली को सदैव याद रखा जाएगा। इस अवसर डॉ सन्त कुमार शर्मा मनीराम शर्मा संजय वर्मा नीरज गुप्ता महबूब अहमद रजा इमाम रिजवी संतोष कुमार शुक्ला सहित रुपईडीहा पत्रकार संघ की ओर से उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं नई जिम्मेदारियों में निरंतर सफलता की कामना की गई।

# कांस्टेबल पति पर महिला कांस्टेबल से संबंध का आरोप

### पत्नी बोली– रंगे हाथों पकड़ा, दोनों ने अभद्रता की; एसपी से मांगी मदद

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , एक महिला ने अपने कांस्टेबल पति और एक अन्य महिला कांस्टेबल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने दोपहर पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर अपनी और अपनी बेटी की सुरक्षा की गुहार लगाई। पीड़िता महिला का आरोप है कि उसके कांस्टेबल पति का एक महिला कांस्टेबल से अनुचित संबंध है। महिला ने दावा किया कि उसने दोनों को रंगे हाथ पकड़ा था, जिसके विरोध में पति और महिला कांस्टेबल ने उसके साथ अभद्रता की। पुलिस कर रही मामले की जांचमहिला के अनुसार, उसका पति और कथित प्रेमिका उस पर मायके से कार और जमीन लाने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि महिला कांस्टेबल ने खुद को उसके पति की पत्नी बताते हुए उसे धमकी दी, गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसके अतिरिक्त, महिला ने मारपीट कर अपनी सोने की चेन छीनने का भी आरोप लगाया है। आज दोपहर एक बजे करीब पीड़िता ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा अपनी और अपनी बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस फिलहाल शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में पिता की मौत

### दूध लेने जा रहे युवक को ट्रक ने रौंदा, भतीजा गंभीर घायल; चालक फरार

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़,पट्टी कोतवाली क्षेत्र में सुबह एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ जब वे अपनी तीन माह की बेटी के लिए दूध लेने जा रहे थे। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। सरमा गांव निवासी श्यामू धरिकार सुबह करीब 7 बजे अपने भतीजे धर्मेश के साथ बाइक से पृथ्वीगंज बाजार जा रहे थे। वे अपनी तीन माह की बेटी के लिए दूध लेने निकले थे। पृथ्वीगंज-पट्टी मार्ग पर रमईपुर दिशनी मोड़ के पास सड़क पर बांस लटका होने के कारण एक ट्रक चालक ने वाहन बाईं ओर मोड़ा। इसी दौरान बाइक ट्रक के पिछले पहिए से टकरा गई ट्रक को बीच सड़क पर छोड़कर चालक फरारटक्कर के बाद श्यामू और धर्मेश दोनों सड़क पर गिर पड़े। ट्रक उन्हें रौंदता हुआ आगे निकल गया। हादसे में ट्रक का पहिया श्यामू के सिर पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल धर्मेश को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे के बाद ट्रक चालक भागने का प्रयास कर रहा था। हालांकि, पृथ्वीगंज बाजार में रास्ता संकरा होने के कारण वह ट्रक को आगे नहीं ले जा सका। चालक ट्रक को बीच सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर पट्टी कोतवाली पहुंचा दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब 5:00 बजे शव घर पहुंचा। परिजनों ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मृतक श्यामू धरिकार अपने पीछे पिता राधेश्याम, मां राधा, पत्नी ज्योति, सात वर्षीय बेटी आंचल, दो वर्षीय बेटा साहब लाल और तीन माह की बेटी किट्टू को छोड़ गए हैं।

## संक्षेप

### जल निकासी मार्ग बंद, हजारों बीघा फसल संकट में

#### किसानों ने डीएम से की शिकायत, तत्काल समाधान की मांग

बागपत , खेकड़ा क्षेत्र के शरफाबाद, फुलेरा और सिंगोली गांवों के किसानों ने गंभीर जलभराव की समस्या को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। किसानों ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि जल निकासी मार्ग अवरुद्ध होने से उनकी हजारों बीघा फसलें खतरे में हैं। किसानों के अनुसार, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के नीचे बनी जल निकासी पुलिया और नाले में कुछ लोगों ने अवैध रूप से मिट्टी डालकर पानी का रास्ता बंद कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप, बारिश का पानी खेतों और आसपास के जंगल क्षेत्र में जमा हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एक्सप्रेसवे के निर्माण के दौरान वर्षा जल की निकासी के लिए यह पुलिया बनाई गई थी। यह पुलिया हिंडन नदी से जुड़ी हुई है, जिससे बारिश का पानी आसानी से नदी तक पहुंच जाता था। जल निकासी मार्ग अवरुद्ध होने के कारण अब पानी का प्राकृतिक प्रवाह रुक गया है, जिससे खेतों में लगातार जलभराव हो रहा है। किसानों का कहना है कि हजारों बीघा कृषि भूमि प्रभावित हो रही है और खड़ी फसलें खराब होने की कगार पर हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण रास्तों पर पानी भरने से लोगों की आवाजाही भी बाधित हो रही है। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके का संयुक्त निरीक्षण कराया जाए। उन्होंने अवैध रूप से डाली गई मिट्टी को हटाकर जल निकासी मार्ग को तत्काल बहाल करने और भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो, इसके लिए स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की भी मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। किसान अब जिला प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

### महिला पर जानलेवा हमला, लूटपाट का आरोप

#### पीड़िता ने एसपी से निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की

बागपत के खेकड़ा थाना क्षेत्र में एक महिला ने गांव के कुछ नामजद लोगों पर जानलेवा हमला और लूटपाट का आरोप लगाया है। सोमवार को पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। महिला द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, यह घटना 9 जुलाई को शाम करीब 7:30 बजे हुई। आरोप है कि आरोपी लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ उसके घर में घुस आए। घर में घुसते ही आरोपियों ने महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। शिकायत में कहा गया है कि हमलावरों ने उसके साथ अभद्रता की। जब महिला ने विरोध किया, तो उस पर धारदार हथियारों और डंडों से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के दौरान कुछ महिलाओं ने उसके कानों के सोने के कुंडल और गले में पहनी ताबीज छीन ली। महिला की चीख-पुकार सुनकर जब उसके पति और जेठ मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। दोनों घायलों का अस्पताल में उपचार कराया गया। पीड़िता का आरोप है कि उसने पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी थी, लेकिन प्राथमिकी (एफआईआर) में सभी गंभीर तथ्यों और धाराओं को शामिल नहीं किया गया।

# किशुनपुर थाना प्रभारी पर भारी पड़ा राज्य मंत्री की नाराजगी

## किशुनपुर थाना प्रभारी समेत कई थाना प्रभारियों का हुआ फेर बदल

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के तेज तर्रार रवैया से पुलिस प्रशासन में वर्तमान में हड़कंप मचा हुआ है बड़ी ही सूझबूझ वाले कर्मठ पुलिस अधीक्षक से जनपद की जनता प्रसन्न दिखाई दे रही है प्रशासनिक व्यवस्थाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने जनपद के आठ थाना प्रभारियों का फेर बदल कर दिया जनपद के बहुचर्चित थाना किशुनपुर में तैनात थाना अध्यक्ष योगेश कुमार की शिकायतों से आहत होकर थाना प्रभारी को जनपद के जहानाबाद थाना भेजा गया मिली जानकारी के अनुसार अभी हाल ही में एक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता के भाई के साथ कोई लूट अपहरण व मारपीट की घटना घटित होने के बाद भी थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही नहीं की गई जिसकी शिकायत पीड़ित समेत स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की विधायिका व राज्यमंत्री कृष्णा पासवान से की पीड़ा सुनने के बाद राज्य मंत्री कृष्णा पासवान का पारा चढ़ गया इसके प्रति उत्तर में थाना अध्यक्ष योगेश कुमार को किशुनपुर थाने से हटाकर जहानाबाद थाना भेज दिया गया इससे पहले भी जनपद के कई थाने जैसे चांदपुर बकेवर समेत इत्यादि में भी थाना प्रभारी का यही क्रियाकलाप रहा था वही जहानाबाद थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए किशुनपुर थाना की कमान सौंपी गई ठीक इसी प्रकार जनपद के अन्य कई थाना प्रभारी समेत आठ थाना प्रभारियों का फेर बदल किया गया

### छत से गिरी महिला हुई घायल इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

किशुनपुर, फतेहपुर। जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मडौली निवासी 45 वर्षीय महिला मुन्नी पत्नी सूरज मिश्रा की छत से गिर जाने के बाद मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार महिला विगत दिवस शनिवार रात्रि समय अपने मकान की छत में सो रही थी मध्य रात्रि महिला को प्यास लगी तथा पानी पीने के लिए नीचे उतर रही थी वही अर्ध निद्रा में जागी महिला का संतुलन बिगड़ा और वह छत से नीचे गिर गई अचानक गिरने पर महिला गंभीर रूप से घायल हुई आनन-फानन परिजन उपचार हेतु जनपद के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां उपचार के चलते देर रात्रि मंगलवार प्रातः बुधवार को महिला की सांसें थम गई वहीं मौत की खबर सुनते ही परिवार में हाहाकार मच गया इस मामले की जानकारी नव आगंतुक थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह से ली गई जहां उन्होंने बताया कि मामले की किसी भी प्रकार की लिखित तहरीर परिजनों द्वारा प्रस्तुत नहीं की गई यदि तहरीर प्राप्त होती है तो आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी

# बंद पड़ी घाटमपुर चीनी मिल को प्रारंभ कराने के लिए किसानों ने की अपील

## फतेहपुर सांसद नरेश उत्तम पटेल को किसानों ने दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। क्षेत्र में बढ़ते गन्ना उत्पादन को लेकर किसानों में चिंता व्याप्त हुई जहां किसानों का गन्ना पूर्व काल में जनपद के तटवर्ती जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर चीनी मिल में खपत किया जाता था वहीं वर्ष 1987 से प्रारंभ हुई रामसारी घाटमपुर चीनी मिल लगभग दो दशक के पश्चात वर्ष 2009 की 12 जनवरी को बंद कर दी गई चीनी मिल के बंद होने से जनपद के बिंदकी क्षेत्र समेत क्षेत्र के अन्य जनपद जैसे उन्नाव इटावा औरैया हमीरपुर आदि के किसानों पर भी गहरा प्रभाव पड़ा अधिक उत्पादन होने के बाद भी गन्ना का उचित मूल्य न मिलने पर किसानों ने मुद्दा उठाते हुए फतेहपुर सांसद नरेश उत्तम पटेल को लिखित ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपते हुए किसान रोहित उमराव आशीष वर्मा चंद्रपाल शिवशरण आलोक उमराव तथा सुरेश वर्मा आदि लोगों ने बताया कि रामसारी घाटमपुर चीनी मिल का क्षेत्रफल लगभग 27 वर्ष पहले 6587 हेक्टेयर था जो अब और बढ़ गया है वहीं बढ़ाते उत्पादन के बाद उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए किसानों ने रामसारी घाटमपुर चीनी मिल को पुन प्रारंभ कराने की सांसद नरेश उत्तम पटेल से अपील की घाटमपुर चीनी मिल के साथ प्रदेश के बस्ती जनपद में भी चीनी मिल बंद कर दी गई थी जो अब प्रारंभ हो गई है परंतु घाटमपुर चीनी मिल अभी तक प्रारंभ नहीं की गई सांसद नरेश उत्तम पटेल ने ज्ञापन स्वीकृत करते हुए जल्द से जल्द इस चीनी मिल को प्रारंभ कराने के लिए सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया

# रालोद नेता आदित्य पंवार की हादसे में मौत

## पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय राणा की हालत गंभीर, प्रयागराज से मेरठ लौटते समय हुई घटना

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , खरखौदा थाना क्षेत्र में देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) पूर्व छात्र सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आदित्य पंवार(35) की मौत हो गई, जबकि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय सिंह राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, हादसे के समय कार में कुल तीन लोग सवार थे। देर रात हुए इस हादसे में आदित्य पंवार ने मौके पर ही अथवा अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीसरे घायल के संबंध में विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। आदित्य पंवार के निधन की खबर से रालोद कार्यकताओं और उनके समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी नेताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनके निधन को संगठन और छात्र राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उधर, विजय राणा का न्यूटिमा अस्पताल में इलाज जारी है चिकित्सकों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। फिलहाल पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना कैसे हुई, इसका पता लगाने के लिए घटनास्थल के साक्ष्य और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। बताया गया कि देर रात तीनों साथी अपनी वश- 700 कार से प्रयागराज से मेरठ लौट रहे थे। इसी दौरान खड़खड़ी टोल प्लाजा पार करने के कुछ ही दूरी बाद कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद खंबे से टकरा गई । प्रक्रिया पूरी करने के बाद आदित्य पंवार का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए जिले शामली स्थित पैत्रिक गांव ले जाया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में किसी अन्य वाहन की टक्कर के संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस वाहन चालक को झपकी आने, वाहन के अचानक अनियंत्रित होने तथा अन्य संभावित तकनीकी कारणों सहित सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# कमिश्नरी में तलवार लेकर पहुंची महिला अधिवक्ता

## पुलिस से नोकझोंक, बोली- ठीक कराने लाई हूं, कचहरी में घूमी तो किसी ने नहीं रोका

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,कमिश्नरी पर तलवार के साथ पहुंची एक महिला अधिवक्ता ने खलबली मचा दी। जैसे ही पुलिस की नजर महिला पर पड़ी, तुरंत उसे रोक लिया गया। एसओ लालकुर्ती हरेंद्र सिंह और एसएचओ सिविल लाइन सौरभ शुक्ला मौके पर पहुंच गए। फिलहाल महिला को थाने भेज दिया गया है और तलवार जप्त कर ली गई है। कमिश्नरी चौराहे पर भारी पुलिस बल तैनात है। इसी बीच एक महिला तलवार के साथ वहां दिखाई दी। महिला को रोक लिया गया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रेनू सिंह राणा बताया जो खुद को अधिवक्ता बता रही थी। उसने बताया कि वह सोशल समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष है और यूसीसी के विरोध में यहां आई हैं। महिला ने तलवार को बताया पुश्तैनी पुलिस के पूछने पर रेनू सिंह राणा ने बताया कि वह वउउ के विरोध में 16 जुलाई से भूख हड़ताल पर हैं। पुलिस ने जब उससे तलवार के बारे में पूछा तो वह बोली कि तलवार उसकी पुश्तैनी है। एसओ लालकुर्ती ने जब बताया कि इस तरह से तलवार लेकर घूमना गैरकानूनी है तो महिला अधिवक्ता ने पुलिस से नोकझोंक शुरू कर दी। बैनर और तलवार पुलिस ने जप्त की एसओ ने समझाने की काफी कोशिश की। हाथ तक जोड़ा लेकिन महिला ने मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद महिला पुलिसकर्मियों ने रेनू सिंह राणा से तलवार और साथ में मौजूद बैनर छीन लिया। यह देखकर महिला अधिवक्ता भड़क गई। पुलिस कर्मियों से उसकी नोकझोंक होने लगी। मामला बढ़ता देख पुलिस ने बैनर लौटा दिया लेकिन तलवार थाने भेज दी। रेनू बोली- ठीक कराने लाई थी तलवार रेनू राना ने कहा कि यह उनकी पुश्तैनी तलवार है। वह तलवारबाजी का शौक रखती है। तलवार खराब हो रही थी जिसे वह ठीक कराने के लिए साथ लाई थी। रेनू ने यह भी बताया कि वह इस तलवार को पूरी कचहरी में लेकर घूमी है लेकिन कहीं उसको नहीं रोका गया। फिर यहां क्यों उसे रोका गया है।

# मोबाइल शॉप में चोरी का विडियो

## शोभापुर पुलिस चौकी से 100 कदम की दूरी पर वारदात, 3 लाख के मोबाइल ले गए 3 आरोपी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में शोभापुर पुलिस चौकी से महज 100 कदम की दूरी पर स्थित एक मोबाइल की दुकान में चोरी हो गई। देर रात हुई इस वारदात में चोरों ने दुकान से करीब तीन लाख रुपये कीमत के नए-पुराने मोबाइल फोन और मोबाइल एसेसरीज चुरा लिए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित दुकानदार शनि गुप्ता, जो मुरलीपुर गांव के निवासी हैं, ने बताया



कि उनकी मोबाइल की दुकान शोभापुर पुलिस चौकी के बेहद करीब है। रविवार देर रात तीन चोर दुकान के बाहर पहुंचे। उन्होंने पहले शटर उखाड़ा और फिर दुकान में घुसकर लाखों रुपये का सामान समेट लिया। चोरी के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सुबह जब शनि गुप्ता दुकान खोलने पहुंचे तो शटर टूटा हुआ मिला। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और लाखों रुपये का माल गायब था। इसके बाद उन्होंने तत्काल कंकरखेड़ा पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में ले ली है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। पुलिस चौकी के इतने करीब हुई चोरी की इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि जब पुलिस चौकी के पास की दुकानें भी सुरक्षित नहीं हैं, तो अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# हॉर्न बजाने पर युवक की गोली मारकर हत्या

## छोटा भाई बोला- साइड हटने को कहा था, दबंग पिस्टल से फायर करने लगे

अमन लेखनी समाचार



विपिन, मृतक

गाजियाबाद ,हॉर्न बजाने को लेकर युवक की हत्या कर दी गई। घटना के समय उसका छोटा भाई भी साथ में था। बाइकसवार युवक ने गाड़ी साइड करने को लेकर हॉर्न बजाया, जिसके बाद मोहल्ले के दबंग ने उस पर पिस्टल से दो फायर किए। पहली गोली पेट में जबकि, दूसरी उसकी जेब में रखे मोबाइल पर लगी। युवक के घरवाले उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना लोनी बॉर्डर की रतिराम कॉलोनी में रात करीब 12 बजे हुई। पुलिस की पहचान रतिराम कॉलोनी के रहने वाले विपिन कुमार (25) के रूप में हुई। उसके छोटे भाई गौरव के भी हाथ में गोली लगी है। विपिन के छोटे भाई गौरव ने बताया- रतिराम कॉलोनी के रहने वाले विपिन के पड़ोसी पवन के घर पर पार्टी थी। इसमें शामिल होने के लिए उसके रिश्तेदार आए हुए थे। पार्टी खत्म होने के बाद कुछ रिश्तेदारों को छोड़ने के लिए विपिन अपने छोटे भाई गौरव के साथ पास की नहर पुलिया तक गए थे। वापस आते समय मोहल्ले के सोनू से बाइक का हार्न बजाने को लेकर झगड़ा हो गया। विपिन के छोटे भाई गौरव ने पुलिस को बताया- सोनू ने दोस्तों के साथ मिलकर भैया और मुझ पर फायर कर दिया। पहली गोली गौरव के हाथ में लगी। इसके बाद आरोपियों ने दो गोली विपिन को मारी। एक गोली विपिन के जेब में रखे मोबाइल पर जबकि, दूसरी गोली पेट में लगी। विपिन दिल्ली के शाहदरा में एक फैक्ट्री में काम करता था। गौरव बोला- मेरे सामने भैया को मार दिया गौरव ने बताया कि रात ज्यादा होने से हम पवन के रिश्तेदारों को लोनी बॉर्डर की नहर पुलिया तक छोड़ने गए थे। वापस आते समय रास्ते में कुछ लड़के खड़े थे। जब हमने साइड हटने के लिए हॉर्न बजाया। तब वहां खड़े लड़कों ने कहा कि तुम हमें जानते नहीं हो क्या। इतना कहने के बाद पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। पहली गोली मुझे लगी, लेकिन मैं बच गया। हमारे साथ 2 और युवक थे। वे भाग निकले। मैंने शोर मचाया तो हमलावर भागे, तब हम घायल भाई को लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। उस समय थोड़ी-थोड़ी सांसें चल रही थीं। हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली ले गए, वहां इलाज के दौरान रात करीब दो बजे उनकी मौत हो गई। दोस्त पवन ने पुलिस को बताया- मेरे घर पर पार्टी थी। घर पर आए रिश्तेदारों को रास्ता नहीं पता था। इसलिए हम लोग 2 बाइकों पर सवार होकर लोनी बार्डर की नहर पुलिया तक गए थे। वापस आते समय रास्ते में खड़े लड़कों से कहासुनी हो गई।

# ललिता हत्याकांड: कांग्रेस सांसदों-विधायकों को पुलिस ने रोका

## टोल प्लाजा पर पुलिस से बहस, इमरान मसूद बोले- एसएसपी को सस्पेंड करो

अमन लेखनी समाचार




मेरठ ,दलित छात्रा ललिता गौतम के परिजनों से मिलने जा रहे कांग्रेस सांसदों और विधायकों को दोपहर 12 बजे पुलिस ने रोक दिया। काशी टोल प्लाजा पर 100 जवान तैनात कर दिए। इससे कांग्रेसी भड़क गए। नारेबाजी करने लगे। पुलिसकर्मियों से उनकी तीखी नोकझोक हो गई। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने डेलीगेशन को टोल प्लाजा के कमरे में बैठा दिया। इस दौरान कांग्रेस डेलीगेशन पीड़ित परिवार से मिलने की जिद पर अड़ा रहा। एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले उन्हें कानून-व्यवस्था का हवाला देकर समझाने की कोशिश करते रहे। करीब 2 घंटे बाद कांग्रेसी कमरे से बाहर आए और हंगामा करते हुए 27 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन करने का ऐलान किया। इसके बाद डेलीगेशन समर्थकों के साथ दोपहर 2 बजे वापस लौट गया। इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ता सांसद इमरान मसूद के साथ दोपहर 11 बजे दिल्ली से 15-20 गाड़ियों से मेरठ के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा- एसएसपी साहब से यही गुजारिश है कि हमें पीड़ित परिवार से मिलवाएं। अभी तक इस मामले में क्या एक्शन हुआ, परिवार को कितना मुआवजा मिला। वह इस बारे में बताएं।

इमरान मसूद ने कहा- बेहद दुखद घटना घटी है। हालांकि, पुलिस द्वारा की गई बाद की कार्रवाई पूरी तरह से गलत तस्वीर पेश कर रही है। पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाना चाहिए। परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। एसएसपी अविनाश पांडेय को गिरफ्तार कर निलंबित किया जाना चाहिए।

### कांग्रेसी बोले- सरकार ने बड़े गुंडों को खुली छूट दे रखी है

डेलीगेशन में शामिल कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा- एसपी इलाके में दादागिरी कर रहे हैं। दलितों और मुसलमानों के प्रति उनका असंवैधानिक व्यवहार पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। हम मुख्यमंत्री से आग्रह करते हैं कि वे हस्तक्षेप करें, निर्णायक कार्रवाई करें और तत्काल निलंबित करें।ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद ने योगी सरकार पर कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल उठाए।

# क्रेडिट कार्ड का झांसा देकर 7.80 लाख ठगे

## फेसबुक पर विज्ञापन देखा था, एकाउंट की जानकारी देते ही खाते से निकले रुपए

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,69 साल के बुजुर्ग फेसबुक पर दिखे पीएनबी क्रेडिट कार्ड के विज्ञापन के झांसे में आकर 7.80 लाख रुपये गंवा बैठे। पीड़ित की शिकायत पर रात करीब 8 बजे साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रतीक फेडोरा सोसाइटी निवासी राजेश सरीन ने पुलिस को बताया कि 18 मई 2025 को फेसबुक पर उन्हें पंजाब नेशनल बैंक के क्रेडिट कार्ड से जुड़ा एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन देखने के कुछ देर बाद उनके पास वाट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले ने स्वयं को बैंक से जुड़ा प्रतिनिधि बताया और क्रेडिट कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पूरी कराने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने राजेश को एक ऑनलाइन फॉर्म भेजा। फॉर्म भरने के दौरान उनसे बैंक खाते से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी ले ली गई। इसके बाद इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से उनके पीएनबी के तीन बचत खातों से चार अलग-अलग लेनदेन में कुल 7.80 लाख रुपये निकाल लिए गए। इनमें एक खाते से तीन लाख रुपये, दूसरे से 2.27 लाख रुपये, तीसरे से 53 हजार रुपये और चौथे लेनदेन में दो लाख रुपये स्थानांतरित किए गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर राजेश ने अगले दिन राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

# नोएडा जमीन मुआवजा घोटाला

## सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को जांच से हटाया, विजिलेंस ब्यूरो को सौंपी जिम्मेदारी; 3 महीने में जांच पूरी करने का निर्देश

अमन लेखनी समाचार




नोएडा , जमीन अधिग्रहण मुआवजा घोटाले से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने विशेष जांच दल को जांच की जिम्मेदारी से मुक्त करते हुए मामले की आगे की जांच उत्तर प्रदेश स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को सौंप दी है। साथ ही विजिलेंस को तीन महीने के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने की। मामला नोएडा प्राधिकरण के एक विधि अधिकारी (लॉ ऑफिसर) और कुछ भू-स्वामियों को नियमों से अधिक मुआवजा दिए जाने के आरोपों से जुड़ा है। सुनवाई के दौरान एसआईटी ने अपनी अंतिम स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की। रिपोर्ट के मुताबिक मामले में अब तक कुल 6 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें 3 एफआईआर अधिकारियों और अन्य लोगों की कथित मिलीभगत से संबंधित हैं, जबकि 3 एफआईआर आय से अधिक संपत्ति के मामलों में दर्ज हुई हैं। जांच में यह भी आरोप सामने आया है कि कुछ अधिकारियों ने किसानों का मुआवजा बढ़वाने के नाम पर अवैध वसूली की। विजिलेंस को सौंपा जाएगा पूरा रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता रुचिका गोयल ने अदालत से अनुरोध किया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद आगे की जांच स्टेट विजिलेंस ब्यूरो को सौंपी जाए।

# डीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

## ई-मेल मिलते ही मचा हड़कंप; पूरे परिसर की छानबीन जारी; अलर्ट पर प्रशासन

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। ई-मेल मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सूरजपुर थाना पुलिस, बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड , डॉग स्क्वाड, फायर ब्रिगेड और एंटी-सबोटाज टीम मौके पर पहुंची। सभी टीमों ने डीएम कार्यालय परिसर की सघन तलाशी ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कार्यालय के सभी कमरों और परिसर की बारीकी से जांच की गई, लेकिन कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला। जांच के बाद स्थिति सामान्य पाई गई और कार्यालय का कामकाज भी सामान्य रूप से जारी रहा। डॉग स्क्वाड टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। डॉग स्क्वाड टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम कर रही ई-मेल की जांच धमकी भरे ई-मेल को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने साइबर टीम को जांच में लगाया है। ई-मेल किस आईडी से भेजा गया, उसका स्त्रोत क्या है और इसे भेजने वाले की पहचान क्या है, इसका पता लगाने के लिए तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। अफवाहों से बचने की अपील पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# 1 अगस्त से लागू होगी नई मूल्यांकन सूची



**जिलाधिकारी ने आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से एक सप्ताह में सुझाव एवं आपत्तियां मांगीं।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित नई मूल्यांकन सूची (सर्किल रेट) के संबंध में उपजिलाधिकारियों एवं उपनिबंधकों द्वारा संशोधन, परिवर्तन एवं विलोपन संबंधी प्रस्ताव तैयार कर जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ को उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची खसरा संख्या आधारित अद्यतन आंकड़ों, भूमि की वास्तविक उपयोगिता तथा प्रचलित बाजार परिस्थितियों के आधार पर तैयार की गई है, जिससे संपत्तियों का मूल्यांकन अधिक यथार्थ एवं पारदर्शी बनाया जा सके। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पर आमजन, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों से एक सप्ताह के भीतर सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की हैं। प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों का परीक्षण कर आवश्यक संशोधन किए जाएंगे, जिसके उपरांत अंतिम मूल्यांकन सूची 1 अगस्त, 2026 से प्रभावी कर दी जाएगी।

# संचारी दस्तक अभियान के तहत जनपद में व्यापक जनजागरूकता साफ- सफाई अभियान जारी

**उच्च जोखिम वाले ग्रामों में विशेष माइक्रोप्लान के तहत किया गया अभियान, रोगियों के चिन्हीकरण पर विशेष जोर।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद सोनभद्र में 01 जुलाई, 2026 से संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई, 2026 से दस्तक अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत संक्रामक एवं वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई, जनजागरूकता एवं रोगियों के चिन्हीकरण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सफाईकर्मी, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता रही। टीमों ने झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण एवं मरम्मत, हैंडपंप चबूतरों की मरम्मत तथा शौचालय निर्माण जैसे कार्यों के साथ-साथ ग्रामीणों को मच्छरजनित एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। संचारी अभियान के अंतर्गत अब तक 1,895 विद्यालयों में जागरूकता रैलियां आयोजित की जा चुकी हैं। 257 ग्रामों में प्रभात फेरियां एवं 266 ग्राम सभाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बैठकों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त 1,172 स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, 1,137 हैंडपंपों की मरम्मत, 468 हैंडपंप चबूतरों की मरम्मत, 329 शौचालयों का निर्माण, 640 ग्रामीण एवं 676 शहरी नालियों की सफाई कराई गई। नगरीय क्षेत्रों के 60 वार्डों में फॉगिंग कराई गई, जबकि 123 सूकर पालकों का संवेदीकरण एवं 264 स्थानों पर कृतंक नियंत्रण संबंधी गोष्ठियों का आयोजन किया गया। दस्तक अभियान के अंतर्गत घर-घर भ्रमण कर बुखार, मलेरिया, कुष्ठ, क्षय रोग, डायरिया, कालाजार तथा आईएलआई (खांसी-जुकाम) जैसे लक्षणों वाले व्यक्तियों का चिन्हीकरण किया जा रहा है। अभियान के दौरान बुखार से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर उनकी आरडीटी किट से जांच कराई जा रही है तथा मलेरिया के धनात्मक मामलों का समयबद्ध उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही खांसी-जुकाम के लक्षणों वाले 137 तथा क्षय रोग के संभावित 95 व्यक्तियों को चिन्हित कर आवश्यक जांच एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य संस्थानों को संदर्भित किया गया। डायरिया एवं अन्य संक्रामक रोगों के संभावित मामलों पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने घरों एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखें, जलभराव न होने दें, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं तथा बुखार, खांसी, जुकाम, डायरिया अथवा अन्य संक्रामक रोगों के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जांच एवं उपचार कराएं। जनसहभागिता से ही संचारी रोगों की प्रभावी रोकथाम संभव है।

## खास समाचार

# दुद्धी पुलिस द्वारा मारपीट के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए मारपीट के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0-194/2026, धारा 115(2), 352, 351(3), 109(1), 191(2) भारतीय न्याय संहिता (इठर) से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 13.07.2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम कादल में अभियुक्तों के घर के पास से समय लगभग 19:30 बजे दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए दिनांक 14.07.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# निषादराज बोट सब्सिडी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन पुनः शुरू

24 जुलाई तक करें आवेदन, अधिक से अधिक मत्स्य पालक उठाएं लाभ।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सहायक निदेशक मत्स्य, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं, विशेष रूप से निषादराज बोट सब्सिडी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभागीय पोर्टल पुनः खोल दिया गया है। इच्छुक आवेदक 09 जुलाई, 2026 से 24 जुलाई, 2026 तक विभागीय पोर्टल fisheries.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना से संबंधित परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख एवं विस्तृत दिशा-निर्देश विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इच्छुक मत्स्य पालक निर्धारित समयावधि में आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, द्वितीय तल, विकास भवन, सोनभद्र से कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते हैं।

# सीएम विंडो पर हुआ शिकायतों का निवारण

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। थानेसर सीएम विंडो कमेटी के एमीनेट पर्सन पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, गगन कोहली सीएम विंडो पर दी शिकायतो का निवारण किया। एमीनेट पर्सन हरीश अरोड़ा ने कहा कि सीएम विंडो पर दी शिकायतों का निवारण मंगलवार व शुक्रवार को सर्किट हाउस में निष्पक्षता के साथ किया जाता है। पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा व गगन कोहली ने कहा कि अधिकारीगण सीएम विंडो की शिकायतों को गंभीरता से लें और समय पर सीएम विंडो पर आई शिकायतों का समाधान कराए बिजली विभाग द्वारा पलवल गांव में बिजली की तारों को लेकर समस्या का समाधान करने के लिए कहा गया है।

# जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश**

**प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक अधिकारी कार्यालयों में बैठकर करें जनसुनवाई।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का स्थलीय सत्यापन कर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतकर्ता को समयबद्ध न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से बैठकर जनसुनवाई करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही त्वरित समाधान हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि तहसील एवं विकास खंड मुख्यालयों पर भी नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित कर फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए उनका मौके पर ही यथासंभव निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान से आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

# जमीन विवाद ने पकड़ा तूल, शांति भंग की आशंका में चार का चालान

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरहां के टोला पौतीपाथर में मंगलवार को जमीन के विवाद ने उस समय तनावपूर्ण रूप ले लिया, जब दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और मारपीट की नौबत तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बीजपुर पुलिस ने काफी देर तक दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति सामान्य न होने पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश पर वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), क्षेत्राधिकारी दुद्धी तथा थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक दीनानाथ पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम जरहां के टोला पौतीपाथर में जमीन के विवाद की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर विवाद समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष उग्र होकर एक-दूसरे के साथ अभद्रता करने लगे तथा मारपीट पर आमादा हो गए। कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने संत कुमार जायसवाल (38), श्यामलाल (38), सोनू कुमार (27) तथा रामेश्वर (48), सभी निवासी ग्राम जरहां टोला पौतीपाथर, को बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट दुद्धी के न्यायालय भेज दिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीनानाथ के साथ आरक्षी निखिल उपाध्याय शामिल रहे।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा साइबर ठगी के दो पीड़ितों को कुल 11,000/- की धनराशि कराई गई वापस

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना शक्तिनगर सतेन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी के दो अलग-अलग प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए कुल 11,000/- (ग्यारह हजार रुपये) पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराए गए। प्रकरण-01 आवेदक चाँद मोहम्मद अंसारी पुत्र अकबर अंसारी, निवासी बस स्टैण्ड, शक्तिनगर, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात साइबर ठग द्वारा धोखाधड़ी कर 8,000/- की धनराशि ट्रांसफर करा ली गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा तत्काल बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड की गई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए 8,000/- की सम्पूर्ण धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। प्रकरण-02 आवेदक सैयद अली पुत्र वकील अली, निवासी बस स्टैण्ड, शक्तिनगर, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के साथ भी किसी अज्ञात साइबर ठग द्वारा धोखाधड़ी कर धनराशि ट्रांसफर करा ली गई थी। प्रकरण में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बैंक से समन्वय स्थापित किया गया तथा टफट ढङ्ग१३ल्ह के माध्यम से 3,000/- की धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

### कुल वापस कराई गई धनराशि : 11,000/-

धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार राय, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र।
2. उ0नि0 रंजित कुमार, साइबर प्रभारी, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र।
3. उ0नि0 रामबचन सिंह यादव, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र।
4. म0का0 नीलम सिंह, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र।

किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता संख्या, नेट बैंकिंग विवरण, पासवर्ड, ओटीपी आदि साझा न करें। यदि आपके साथ साइबर ठगी की घटना घटित हो जाए तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें, निकटतम थाने में सूचना दें अथवा ६६६.ू८्र१ी.ॅङ्म५.ल्ल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं।

# 2027 से पहले आरक्षण नहीं तो वोट नहीं : मुकेश सहनी

अमन लेखनी समाचार

बस्ती / विकासशील इंसान पार्टी (श्कढ) के पार्टी सुप्रीमो एवं बिहार के पूर्व मंत्री श्री मुकेश सहनी ने आज होटल महारानी, बैरिहवा, ब्लॉक रोड, गांधी नगर, बस्ती में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि निषाद समाज को उसका संवैधानिक अधिकार दिलाने की लड़ाई अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि अब लड़ाई अपने अधिकारों और अपने वास्तविक राजनीतिक विरोधी को पहचानने की है। निषाद समाज को यह समझना होगा कि उसका संघर्ष उस सरकार से है, जिसने वर्षों से निषाद समाज को आरक्षण देने के प्रश्न पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। उन्होंने कहा कि हमारा संघर्ष केंद्र सरकार से है, जिसने आज तक निषाद समाज को आरक्षण नहीं दिया। मुकेश सहनी ने घोषणा की कि अगले महीने से पूरे उत्तर प्रदेश में 'निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा' निकाली जाएगी। इस यात्रा के दौरान गांव-गांव, कस्बों और शहरों में जाकर गंगाजल हाथ में लेकर निषाद समाज के लोगों को यह संकल्प दिलाया जाएगा कि ₹आरक्षण नहीं तो वोट नहीं।₹ उन्होंने कहा कि यदि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले निषाद समाज को आरक्षण मिल जाता है तो समाज उसका समर्थन करेगा, लेकिन यदि आरक्षण नहीं मिला तो निषाद समाज लोकतांत्रिक तरीके से मतदान कर केंद्र सरकार के विरुद्ध अपना जनादेश देगा। मुकेश सहनी ने कहा कि आज पूरा निषाद समाज विकासशील इंसान पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है। समाज अब अपने अधिकारों के लिए जाग चुका है और अपने भविष्य का निर्णय स्वयं करेगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री डॉ. संजय निषाद को निषाद समाज के मुद्दों पर सार्वजनिक लाइव डिबेट के लिए खुला आमंत्रण देते हुए कहा कि वे किसी भी मंच पर आरक्षण, समाज के अधिकार और राजनीतिक भागीदारी के मुद्दे पर खुली बहस के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यदि डॉ. संजय निषाद वास्तव में निषाद समाज के हितैषी हैं तो भाजपा छोड़कर 'इंडिया' गठबंधन में आएं। मैं स्वयं राहुल गांधी, अखिलेश यादव एवं गठबंधन के अन्य वरिष्ठ नेताओं से बातचीत कर उन्हें सम्मानजनक राजनीतिक भागीदारी दिलाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि निषाद समाज अब अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेगा और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक समाज को उसका न्यायोचित अधिकार नहीं मिल जाता। प्रेस वार्ता में कार्यक्रम प्रभारी श्री जसपाल निषाद, इंजीनियर राजबहादुर निषाद, श्री पंकज निषाद सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक नेता एवं बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**

**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

# पीएम श्री राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय पहलवान विवेक चौहान का भव्य सम्मान

अमन लेखनी समाचार



**गोरखपुर :** पीएम श्री राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज गोरखपुर के खेल प्रांगण में आज विद्यालय परिवार ने अंतरराष्ट्रीय पहलवान विवेक चौहान का सम्मान समारोह आयोजित किया। विवेक चौहान ने हाल ही में थाईलैंड में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय ने उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। हमेशा खिलाड़ियों के विकास के लिए तत्पर रहने वाले, अखिलेश्वर सहाय सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉ ऋतु सहाय द्वारा इस विद्यालय के चैंपियन को प्रोत्साहन हेतु 21000/की सहयोग धन का चेक प्रदान किया गया। इस ट्रस्ट ने विद्यालय के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विवेक के गुरु एवं कोच श्री चंद्रेश पटेल तथा सहायक कोच विकास पटेल को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. विश्व प्रकाश सिंह ने विवेक और उनके गुरु की सराहना करते हुए कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए त्याग और समर्पण दोनों चाहिए। विवेक ने मेहनत से यह साबित कर दिया है। समारोह के अंत में सभी का आभार प्रकट करते हुए विद्यालय के क्रीड़ाध्यक्ष डॉ अरूणेंद्र राय ने खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में पदक लाने के लिए उसको आशीर्वाद दिया और पदक की उम्मीद जताई। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद, श्रीमती नीलम, सुधा पासवान, डॉ अंकिता राय, मनीष सिंह, प्रशान्त कुमार, संतोष सिंह, आलोक श्रीवास्तव, अमीरुद्दीन अंसारी, अरुण श्रीवास्तव, मनोरमा रानी, देवेंद्र नाथ राय आदि समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# न्यायालय से जारी गैर - जमानती वारंट में महिला वारंटी गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में थाना बभनी पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट का प्रभावी अनुपालन करते हुए एक महिला वारंटी को गिरफ्तार किया गया। थाना बभनी पर पंजीकृत मु0नं0-509/2024, राज्य बनाम रुखसाना खानम, थाना बभनी, अ0सं0-141/2023 धारा 342, 323, 504, 506 भादवि एवं 3(2)(५), 3(1)(द), 3(1)(ध) एससी/एसटी एक्ट से संबंधित प्रकरण में माननीय अपर सिविल जज (जू0डि0)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुद्धी, जनपद सोनभद्र द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में दिनांक 14.07.2026 को वारंटी अभियुक्ता को उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के उपरांत माननीय न्यायालय रवाना किया गया।



## काउबॉय हैट लुक में नजर आए सलमान...

**मुंबई।** जल्द ही सलमान खान की अपकमिंग फिल्म मातृभूमि रिलीज होगी। इसी बीच उन्हें मुंबई के बांद्रा में एक डबिंग स्टूडियो के बाहर देखा गया। पैपराजी भाईजान की तस्वीरें और वीडियो लेने के लिए मौके पर नजर आए। एक वायरल वीडियो में सलमान खान काउबॉय हैट लुक में दिखाई दिए, जो उन पर खूब जंच रहा था। वायरल वीडियो में सलमान ने यूनीक काउबॉय हैट पहनी थी साथ ही उनके गले में एक पेंडेंट भी था, उस पर तीन नग लगे थे। यह पेंडेंट उनके लुक को और भी खास बना रहा था। सलमान खान 'मातृभूमि' नाम की एक देशभक्ति से भरी फिल्म कर रहे हैं।

लाइफ Style



## जैस्मिन

### लाइव कॉन्सर्ट में किया सगाई का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' ने जमकर तबाही मचाई थी। इसके सभी कलाकारों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। वहीं, इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के गानों को भी काफी पसंद किया गया है।

इन गानों को सिंगर जैस्मीन सैंडलस ने भी अपनी आवाज दी है, जो फिलहाल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दिल्ली में उन्होंने अपने मंगेतर शेखर चौधरी से फैंस को रुबरु कराया है? 'धुरंधर' के साथ-साथ जैस्मीन सैंडलस की लोकप्रियता में भी गजब का इजाफा हो गया था। वो आज के वक्त की मशहूर और चर्चित सिंगर्स में से एक बन चुकी हैं। सिंगर ने हाल ही में दिल्ली में एक लाइव कॉन्सर्ट किया। इस दौरान उन्होंने फैंस को हैरान क दिया। स्टेज पर उन्होंने शेखर चौधरी को अपने फैंस से मिलवाया। स्टेज पर दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक रही। बीच कॉन्सर्ट में शेखर ने स्टेज पर एंट्री ली. जैस्मीन ने दौड़कर शेखर को गले लगा लिया और ऐलान किया कि शेखर के साथ उनकी सगाई हो चुकी है। जैस्मीन ने कहा, 'तू आ ही गया चौधरी साहब स्टेज ते, दिस इज माई मैन, एवरीबडी.' वहीं इसके अलावा उन्होंने कहा, 'ये वही इंसान हैं जिन्होंने मुझे रिंग पहनाई है, ये मेरे हैं।' शेखर चौधरी को लाइमलाइट से दूर रहना पसंद हैं। तभी तो सगाई के बाद लोगों को पता लग पाया है कि जैस्मीन और शेखर रिलेशनशिप मे हैं। बता दें कि जहां जैस्मीन म्यूजिक और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं तो वहीं शेखर का इस फील्ड से कोई रिश्ता नहीं है।

हॉलीवुड मसाला




## 150 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**लॉस एंजिल्स।** जुरासिक पार्क फ्रैंचाइजी में डॉ. एलन ग्रांट का किरदार निभाने वाले न्यूजीलैंड के एक्टर सैम नील का सोमवार को निधन हो गया। वो 78 साल के थे। पांच दशकों से ज्यादा लंबे कॅरियर में नील ने 150 से ज्यादा फिल्मों और शो में काम किया। उनकी फिल्मों की लिस्ट में डेड काम, द हंट फॉर रेड अक्टूबर, द जंगल बुक, इन द माउथ ऑफ मैडनेस, इवेंट होराइजन, बाइसेंटेनियल मैन, द डिश, पीटर रैबिट और ताइका वाइटीटी की हंट फॉर द वाइल्डरपीपल शामिल हैं।



## माइकल ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'माइकल 24 अप्रैल को रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसे दर्शकों से खूब प्यार मिला। अब फिल्म ने एक नया माइलस्टोन हासिल किया है। 'माइकल'ने दुनियाभर में 1 बिलियन डॉलर (करीब 100 करोड़) की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनिया की पहली बायोपिक फिल्म बन गई है, जिसने यह मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने विदेशों मे 629.8 मिलियन डॉलर (5,996.28 करोड़) और घरेलू बॉक्स ऑफिस (अमेरिका) में 371.8 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 1.001 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह फिल्म अप्रैल मे रिलीज हुई थी और तभी से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है।



## हेमा की बायोपिक के लिए दीपिका पहली पसंद

**नई दिल्ली।** ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की जिंदगी अगर कभी बड़े पर्दे पर उतरी, तो उनका किरदार कौन निभाएगा? ये सवाल सालों से फैंस के मन में घूम रहा था। अब खुद हेमा मालिनी ने इस सस्पेंस से पर्दा उठा दिया है। 60 साल के फिल्मी सफर का जश्न मना रहीं हेमा मालिनी ने साफ कर दिया कि अगर उनकी बायोपिक बनती है, तो वो उसमें दीपिका पादुकोण को देखना चाहेंगी। हेमा ने कहा कि अगर दीपिका चाहें तो वो उनका रोल कर सकती हैं। उन्होंने दीपिका की तारीफ करते हुए कहा कि वो खूबसूरत हैं, टैलेंटेड हैं और इस किरदार के साथ पूरा इंसाफ कर सकती हैं। हेमा और दीपिका का रिश्ता नया नहीं है। साल 2017 में जब हेमा मालिनी की बायोग्राफी लॉन्च हुई थी, तब भी उन्होंने दीपिका को ही इसके लिए चुना था।



## सात साल बाद गोविंदा का कमबैक...

**नई दिल्ली।** हीरो नंबर 1 गोविंदा अब एक बार फिर बड़े पर्दे पर कमबैक करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म रूपा में नजर आने वाले हैं। गोविंदा ने रूपा की अनाउंसमेंट कर दी है। इस फिल्म में वो नई एक्ट्रेस रानी स्वर्णकार संग दिखेंगे. फिल्म को गोविंदा प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। गोविंदा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात की। फिल्म के बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं तैयार हूं। अब आगे आप पूरी कास्ट को देख पाएंगे. मुझे ऐसा लगता है कि ये अलग तरह की फिल्म होगी खासकर यंगस्टर्स के लिए। बहुत ही उम्मीदों के साथ यंगस्टर्स शुरुआत करते हैं, लेकिन वो कभी-कभार भटक जाते हैं। माया का जो हिस्सा हम दिखा सकते हैं वो मैं अब इस फिल्म में दिखाने जा रहा हूं। यंगस्टर्स भीड़ में खोए हुए व्यक्ति की तरह न लगे।'

टीवी मसाला




## आदर्श बाल विद्यालय का ट्रेलर आया सामने कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर दिखी कहानी

**नई दिल्ली।** हिमांक गौर के निर्देशन में बनी नई कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ये सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। बच्चों की अतरंगी मस्ती से भरपूर सीरीज 'आदर्श बाल विद्यालय'का ट्रेलर सामने आ गया है। ट्रेलर में ज्ञानेश्वर त्रिपाठी (केके मेनन द्वारा अभिनीत) नाम का एक लापरवाह स्कूल प्रिंसिपल नजर आता है, जो कैम्ब्रिज में सरकार द्वारा प्रायोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में अपने स्कूल के बच्चों को भेजना चाहता है। उनकी इसी इच्छा के कारण वे अपनी टीचर्स की टीम के साथ मिलकर स्कूल के बच्चों को सुधारने की कोशिश करते हैं, लेकिन बिगड़ैल बच्चों की हरकतों की वजह से उसे कैम्ब्रिज का सपना अधूरा लगने लगता है। इस बीच उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में हल्की-फुल्की कॉमेडी, बच्चों की मस्ती और मनोरंजन से भरपूर एक सीरीज की झलक देखने को मिलती है। 'आदर्श बाल विद्यालया' सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। इस सीरीज के कुल 7 एपिसोड आएंगे। सीरीज 24 जुलाई से भारत और दुनिया भर में हिंदी भाषा और अंग्रेजी सबटाइटल के साथ स्ट्रीम होगी।

### बिग बॉस को टक्कर देने आया भोजपुरी बवाल

**नई दिल्ली।** जब भोजपुरी मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सुपरस्टार एक ही टेबल पर साथ बैठते हैं, तो नतीजा सिर्फ एक मुलाकात नहीं, बल्कि 'बवाल' होता है। 2 अगस्त को होने वाले प्रीमियर से पहले, जियोहॉटस्टार



और कलर्स ने 'भोजपुरी बवाल' की पहली झलक जारी की है, जो दर्शकों को आनेवाली बेबाक बातचीत, मस्ती, टकराव और जबरदस्त मनोरंजन की एक रोमांचक झलक दिखाती है। पवन सिंह, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', आम्रपाली दुबे, काजल राघवानी और तेज प्रताप यादव पहली बार भारत की पहली प्रीमियम सेलिब्रिटी-फॉलो रियलिटी सीरीज में बेबाक अंदाज में नजर आएंगे. वीडियो की शुरुआत डिनर टेबल पर बैठे कलाकारों से होती है, जहां वे इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि शो को दर्शकों के सामने कैसे पेश किया जाए. लेकिन कुछ ही पलों में बातचीत अप्रत्याशित मोड़ ले लेती है। हल्की-फुल्की नोकझोंक बहस में बदल जाती है, मजाक आरोपों का रूप ले लेता है और सभी सितारे एक-दूसरे से जुड़ी अफवाहों, विवादों और लोगों की धारणाओं पर खुलकर बात करने लगते हैं।

## कहानी ऐसी हो, जो सोचने पर मजबूर करे : जॉन अब्राहम

**मुंबई।** पिछले काफी वक्त से जॉन अब्राहम रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में जॉन अब्राहम ने राकेश मारिया का किरदार निभाने और असल जिंदगी के लोगों को पर्दे पर उतारने की जिम्मेदारी के बारे में बात की। साथ ही उनका मानना है कि सिनेमा का काम सिर्फ मनोरंजन करना नहीं है। इसे फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जेहन में बने रहना चाहिए। एक बातचीत के दौरान जॉन ने कहा कि दमदार कहानी कहने का तरीका ऐसा होना चाहिए, जो मनोरंजन करे, सोचने पर मजबूर करे और फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के मन में बसी रहे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कहानी आपको कुछ न कुछ देकर जानी चाहिए। मनोरंजन जरूरी है, सिनेमा को हमेशा आपको जोड़े रखना चाहिए। लेकिन अगर कोई फिल्म थिएटर से निकलने या उसे देखने के बाद भी आपके साथ बनी रहती है, तो यह और भी अच्छी बात है। मैं प्रोजेक्ट्स इसलिए नहीं चुन रहा हूं कि वे कोई खास बात कहना चाहते हैं। मैं उन्हें इसलिए चुनता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वे ईमानदार हैं, अच्छी तरह से कही गई हैं और भावनात्मक रूप से जोड़ने वाली हैं। अगर उनसे बातचीत शुरू होती है, तो यह एक बोनस है।



### राकेश मारिया का निभाएंगे किरदार

इतने साल में एक प्रोड्यूसर के तौर पर मुझे एहसास हुआ है कि मैं ऐसी कहानी को सामने लाने में मदद कर सकता हूं जिसे देखा जाना चाहिए। आखिर में, कहानी ही सबसे अहम होती है। अगर वह मुझे प्रभावित करती है, तो मैं उसे सपोर्ट करूंगा। मुंबई के पूर्व कमिश्नर राकेश मारिया की बायोपिक को लेकर भी जॉन अब्राहम ने बात की। उन्होंने कहा कि राकेश मारिया का करियर हमारे देश के इतिहास की कुछ अहम घटनाओं से जुड़ा रहा है, इसलिए उन्हें पर्दे पर उतारने में एक बड़ी जिम्मेदारी का एहसास होता है। जब आप किसी असली इंसान का किरदार निभाते हैं, तो मकसद उनकी नकल करना नहीं होता, बल्कि उनकी पब्लिक इमेज के पीछे छिपे असली इंसान को समझना होता है।

## जापान में धुरंधर का बुरा हाल, बॉक्स ऑफिस पर साबित हुई डिजास्टर...



**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह स्टारर और आदित्य धर निर्देशित धुरंधर ने देश और दुनियाभर में ब्लॉकबस्टर परफॉर्म किया था। वहीं, ये फिल्म 10 जुलाई को जापान में रिलीज की गई थी, लेकिन यहां ये फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकामयाब साबित हुई है। जापान में फिल्म की ओपनिंग काफी ठंडी रही है। बता दें कि जापान में 'धुरंधर' को एक बड़ा झटका लगा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस बड़े बजट की एक्शन ड्रामा फिल्म को 10 जुलाई को देश भर में लगभग 80 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले दिन 900 से भी कम दर्शकों ने यह फिल्म देखी। गौरतलब है कि इसे जापानी मार्केट में जोर-शोर से प्रमोट किया गया था बावजूद इसके ये जापानी बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन फुस्स साबित हुई है। इसी के साथ ये जापान में किसी भारतीय फिल्म की सबसे कमजोर ओपनिंग में से एक बन गई है। हैरानी की बात ये है कि ये फिल्म जापान में अपने पहले दिन टॉप 25 फिल्मों में भी जगजह नहीं बना पाई।

### जापानी दर्शकों को पसंद आई फिल्म

रिलीज के स्केल को देखते हुए, ओपनिंग के आंकड़े ट्रेड के लिए एक बड़ा सरप्राइज रहे हैं। रिलीज से पहले फिल्म से अच्छी उम्मीदें थीं। हालांकि, जापानी दर्शकों को यह फिल्म पसंद नहीं आई, जिसके कारण ज्यादातर जगहों पर बहुत कम लोग फिल्म देखने पहुंचे। गौरतलब है कि जापान में आरआरआर और साहो जैसी कई भारतीय फिल्में सफल रही हैं और उन्होंने ओपनिंग डे पर बहुत ज्यादा दर्शक जुटाए थे। इसके उलट, 'धुरंधर' की शुरुआत पुष्पा 2 जैसी ही धीमी रही। दरअसल, पुष्पा 2 को भी रिलीज से पहले जबरदस्त चर्चा के बावजूद पहले दिन 900 से कम दर्शक मिले थे। यह ट्रेंड बताता है कि जापानी मार्केट में ग्लोबल पॉपुलैरिटी को बॉक्स ऑफिर पर सक्सेस में बदलना एक चुनौती है।

### तीसरी बेगम से रक्तांचल 3 तक, मनोरंजन की होगी बारिश

## इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** यह वीक सिनेमा प्रेमियों के लिए काफी खास है। हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी' इसी वीक सिनेमाघरों में सजेगी। इसके अलावा रहूं मैं तेरे रूबरू और महाप्रभु जगन्नाथ भी रिलीज होने वाली हैं। थिएटर्स से अलग ओटीटी पर भी कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज रिलीज होंगी।




### मर्डर 101

नाम से ही साफ है कि यह एक मर्डर मिस्ट्री है। अमेरिका के दशकों पुराने अनसुलझे मर्डर केस पर आधारित यह इन्वेस्टिगेशन सीरीज सिर्फ अपने तीन एपिसोड के साथ फिलहाल रिलीज हो रही है। इसमें एलेक्स कैंपबेल लीड रोल में हैं। 13 जुलाई से यह सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है।

### राइड और डाई

यह एक एक्शन-कॉमेडी सीरीज है। दो दोस्तों की जिंदगी पर बनी यह सीरीज इस वीक रिलीज होगी। इसे 15 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकेगा। इसमें हन्ना वाडिंगहैम और ऑक्टेविया स्पेंसर लीड रोल में हैं।

### तीसरी बेगम

यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह वेब्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देगी। इसके लिए दर्शकों को कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा वेब्स पर यह मुफ्त में स्ट्रीम होगी। निर्माता, लेखक एवं निर्देशक के सी बोकाड़िया की यह फिल्म 18 जुलाई से स्ट्रीम होगी।

### रक्तांचल सीजन 3

इस वीक 'रक्तांचल सीजन 3' भी आ रही है। यह एमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। रितम श्रीवास्तव निर्देशित सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। दर्शक बिना किसी सब्सक्रिप्शन के मुफ्त में इस सीरीज को एंजॉय कर सकते हैं। इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी इस वेब सीरीज का पहला सीजन साल 2020 में और दूसरा सीजन 2022 में आया था।

### डिजायर

इस हफ्ते की ओटीटी लिस्ट में 'डिजायर' भी है। यह 17 जुलाई, 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में लुडविका पालेटा और जोस मारिया याजपिक जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म एक ऐसे परिवार की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक स्विमिंग कोच के आने से गहरा और खतरनाक भावनात्मक मोड़ आता है।

### 23,000 लाइव्स

यह जर्मन ड्रामा फिल्म है। 23,000 लाइव्स। 23,000 लाइव्स 17 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म 'जुगेंड रेटेट' नाम के युवाओं के एक ग्रुप की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने क्राउडफंडिंग के जरिए एक पुराना जहाज खरीदा और भूमध्य सागर में 23,000 से ज्यादा लोगों की जान बचाई थी।